तापमान

अधिकतम 32.4 डिग्री

न्यूनतम 25.4 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 8 सितंबर 2025



महाराणा प्रताप चौक के करीब लापरवाही पूर्वक बिछाए गए गैस पाइप से राहगीरों को आवागमन में बाधा हो रही है।



## खबर संक्षेप

### स्कूलों की बदलेगी टाइमिंग भेजा गया प्रस्ताव



**बिलासपुर।** प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में शनिवार को शाला लगने की टाइमिंग बदलने का प्रस्ताव स्कूल शिक्षा विभाग को मिला है। मंत्रालयीन स्तर पर इस पर निर्णय लिया जाना है। शिक्षा संचालनालय के प्रस्ताव के अनुसार शनिवार को मार्निंग शिफ्ट में लगने वाले स्कूल सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक लगाने की योजना है। इसी तरह दो शिफ्ट में लगने वाले स्कूलों में प्राइमरी और मिडिल स्कूल को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक और हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल को सुबह 7.30 से 11.30 बजे तक लगाने का प्रस्ताव भेजा गया है।

### महामाया विहार जाने वाले रास्ते में नाली का टूटा स्लैब



**बिलासपुर।** वेयर हाउस रोड से सीसीएन की तरफ से महामाया विहार जाने वाले रास्ते में नाली का स्लैब टूट गया है। इससे आवागमन में लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं नहीं देख पाने की स्थिति में बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। मोहल्लेवासियों ने संबंधित विभाग से टूटे स्लैब को हटा कर नया लगवाने की मांग की है ताकि कोई भी अनहोनी घटना से बचा जा सके।

### बस स्टैण्ड में बना यातायात का स्थायी चेकिंग पॉइंट



**बिलासपुर।** पुराने बस स्टैण्ड स्थित हनुमान मंदिर के बाजू में यातायात विभाग द्वारा अस्थायी चेकिंग पॉइंट बना दिया गया है। यहां विभाग के जवानों द्वारा आए दिन आने-जाने वाले वाहनचालकों को रोककर दस्तावेजों की चेकिंग की जाती है, जिससे न केवल आवागमन बाधित होता है, बल्कि लोग भी भयभीत रहते हैं। चूंकि यहां सिग्नल है, जिससे यहां से गुजरने वालों के द्वारा यातायात की चेकिंग देखकर उनसे बचने के लिए वाहनों को वापस मोड़ने का प्रयास किया जाता है, जिससे पीछे खड़े वाहन प्रभावित होते हैं। यह स्थिति लगभग रोज ही निर्मित होती है।

### फूल मार्केट के सामने पसरी गंदगी



**बिलासपुर।** फूल मार्केट के सामने नालियों की सफाई के नाम पर सफाईकर्मियों द्वारा नाली का कीचड़ सड़क पर उड़ेल दिया गया है। यह स्थान न केवल फूल मार्केट आने वालों, बल्कि मार्केट में दुकान लगाने वालों के वाहन रखने का स्थान है, लेकिन यहां अब कीचड़ जमा हो जाने के कारण वाहनों के रखने का स्थान ही नहीं रह गया है। ऐसी स्थिति में यहां आने वालों को अपने वाहन रखने के लिए अन्य स्थानों की तलाश करनी पड़ रही है। इस चक्कर में वे कहीं भी अपने वाहन खड़े कर रहे हैं। यहां आगे बृहस्पति बाजार व लाईन से फलों के ठेले लगे होने के कारण यहां वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है, जिससे बेतरतीब खड़े वाहनों से लगभग रोज ही जाम जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है।

## लाइसेंसी दुकान से 700 बोरी यूरिया जब्त

**बिलासपुर।** सीपत स्थित लाईसेंसी कृषि दवा विक्रेता द्वारा यूरिया की कालाबाजारी करने की सूचना मिलने के बाद राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा रविवार को संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई है। इस दौरान करीब 700 बोरी यूरिया जब्त की गई है, जिसे अब जरूरतमंद किसानों में वितरित किया जाएगा।

- अकलतरा में यूरिया की रैक उतरी उसके बाद उसके बाद सीधे व्यापारी की दुकान में पहुंचा दी

गौरतलब है कि यूरिया की भारी कमी को लेकर किसानों द्वारा उठाई जा रही मांग के बाद प्रशासन के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा लगातार छापामार अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत रविवार को भी चलाए गए संयुक्त अभियान के बाद उक्त कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई अभी प्रक्रिया में है, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट सोमवार को प्रशासन को दी जाएगी। बताया जाता है कि अकलतरा में यूरिया की रैक उतरी, उसके बाद सीधे व्यापारी की दुकान में पहुंचा दी गई। अब कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

## धर्मांतरण को लेकर बवाल, पास्टर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रार्थना सभा आयोजित कर लोगों को धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रलोभन देने पर हंगामा मचा। हिंदू संगठन के लोगों ने मौके पर जाकर जमकर हंगामा मचाया गया। उसके बाद पुलिस ने पास्टर को गिरफ्तार कर लिया है।

पचपेड़ी चौकी प्रभारी श्रवण टण्डन ने बताया, सकुलकारी निवासी पास्टर दिलीप बंजारे ने गांव में प्रावइेट चर्च बनाया है। रविवार को आसपास के लोगों को चर्च में एकत्रित कर धर्म परिवर्तन करने लोगों को कई तरह का प्रलोभन दिया जा रहा था। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के लोग चर्च पहुंच गए और धर्म परिवर्तन का विरोध करते हुए जमकर हंगामा मचाया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हिंदू संगठन के सदस्य की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 299 व छ.ग. धर्म स्वतंत्र अधिनियम 3 के तहत पास्टर दिलीप बंजारे को गिरफ्तार कर लिया है।



प्रार्थना सभा आयोजित कर कराया जा रहा था धर्मपरिवर्तन

### धर्म परिवर्तन करने पत्नी को प्रताड़ना

सिविल लाइन थाना प्रभारी विजय चौधरी ने बताया, भारतीयनगर निवासी पूजा सोनी ने रिपोर्ट लिखाई। उसके पति दुर्गेश सोनी व सास जानकी सोनी ने धर्म परिवर्तन कर लिया है और उन्हें भी धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाकर प्रताड़ित कर रहे है। पुलिस ने पति व सास के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## 30 लोगों से 57 लाख की ठगी, एक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पैसा डबल करने का झांसा देकर 30 लोगों से 57 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस ने अपराध कायम कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी विजय चौधरी ने बताया, सिंधी कालोनी निवासी हीरा भागवानी व उसके सहयोगी मुरली लहेजा ने लोगों को प्रोडक्ट को खरीदने पर डबल राशि देने का झांसा दिया। कुछ लोगों को डबल राशि दी गई। इसे देखते हुए बड़ी संख्या में लोग उनका प्रोडक्ट खरीदने लगे। उसके बाद वह लोगों को घुमाने लगा। फिर हीरा भागवानी शहर छोड़कर भाग गया। रविवार को 30 पीड़ितों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि हीरा भागवानी व उसके सहयोगी मुरली लहेजा ने डबल राशि दिलाने का झांसा देकर 57 लाख रुपए की ठगी की है। पुलिस सिंधी कालोनी निवासी हरेश बजाज की रिपोर्ट पर धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर सहयोगी मुरली लहेजा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मुख्य आरोपी हीरा भागवानी फरार है।

- पैसा डबल करने का दिया झांसा, मुख्य आरोपी फरार

### 10 वार्डों में जलभराव नहीं होने का दावा, काम लेकिन सुस्ती से

## बंधवापारा से अरपा नदी तक साढ़े 4 करोड़ में बन रहा 1400 मीटर का स्टार्म वाटर ड्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जल भराव क्षेत्र बंधवापारा में बरसाती पानी निकासी के लिए नगर निगम द्वारा बंधवापारा से अरपा नदी तक लगभग 4 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से 1400 मीटर स्टार्म वॉटर ड्रेन बनाया जा रहा है, जिसके तहत सड़क को पार कराने के लिए कल्वर्ट का काम शुरू किया गया है। ड्रेन निर्माण से बंधवापारा में जल भराव की समस्या से निजात मिल जाने का दावा किया जा रहा है जो हर बारिश में उत्पन्न हो जाती है। ध्यान रहे कि हर साल क्षेत्र के 10 वार्डों में बारिश में जलभराव की समस्या होती है। हालांकि इसके काम में लगातार देरी हो रही है काम अधूरा है। इसी कारण दो दिन पहले की बारिश ने पूरे सरकंडा क्षेत्र को पानी- पानी कर दिया था। 100 से अधिक घरों में बारिश का पानी घुसने से काफी परेशानी हुई थी ।

बंधवापारा और उससे लगे इलाकों में पानी भरने की समस्या हर साल होती है। दरअसल बंधवापारा क्षेत्र में बिरकोना खार और बहतराई, बिजौर क्षेत्र से बारिश का पानी आता है, लेकिन इसकी निकासी के लिए बड़ा नाला इतने सालों में नहीं बनाया जा सका है। घरों के गंदे पानी के निकासी के लिए बनाई गई नालियां भारी मात्रा में पानी की निकासी के लिए सक्षम नहीं हैं। पिछले साल ही बंधवापारा में भगत सिंह स्कूल के पास नाला टूटने के कारण बारिश का पानी नहीं निकल सका था तो वहीं चौबे कालोनी व जगदंबा कालोनी के पास बनाई गई दीवार कालोनाइजरों द्वारा ढहा देने से घरों में पानी घुस गया। इससे सीपत रोड पर घुटने तक पानी बहने लगा। यही पानी आगे कपिल नगर होते हुए अरपा में जाता है जो हर साल परेशानी का सबब बनता है। अब निगम ने तय किया है कि इन क्षेत्रों के पानी को सीधे अरपा नदी तक छोड़ा जाएगा। इसके लिए बंधवापारा से अरपा नदी तक लगभग 4 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से 1400 मीटर स्टार्म वॉटर ड्रेन बनाया जा रहा है।



- बंधवापारा क्षेत्र में बिरकोना खार और बहतराई, बिजौर क्षेत्र से बारिश का पानी आता है
- इसकी निकासी के लिए बड़ा नाला इतने सालों में नहीं बनाया जा सका, हर बार परेशानी



### इन मोहल्लों को मिलेगी इस साल राहत

इस स्टार्म वॉटर ड्रेन बन जाने के बाद से बंधवापारा, जोरापारा, नूतन कालोनी, सरकंडा, विजयापुरम, देवनंदन नगर, जगदंबा कालोनी, चौबे कालोनी जैसे मोहल्लों में राहत मिलने की बात कही जा रही है। दरअसल सरकंडा और बंधवापारा क्षेत्र में कई स्लम और निचली बस्तियां हैं, जहां पर हर साल बारिश का पानी भर जाता है। पिछले और इस साल भी ऐसे हालात बने कि दर्जनों परिवारों को घर छोड़ना पड़ा। पानी ने ऐसा कहर ढाया कि की गलियां डूब गईं और घरों में घुटने तक पानी भर गया। दर्जनभर मकान ढह गए और प्रभावितों को पास के स्कूलों में पनाह लेनी पड़ी। पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण यह नौबत आई। हालत यह थी कि बंधवापारा की किसी भी गली को पार करने के लिए लोगों को साढ़े तीन फीट पानी से गुजरना पड़ा।

### 23 से अधिक स्थानों पर हर साल जल भराव

गौरतलब है कि बारिश के दिनों में शहर में 23 से अधिक स्थानों पर जल भराव की नौबत हर साल आती है। ऐसा नगर निगम का स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग मानता है। विभाग के प्रतिवेदन में किलावार्ड, केंवटपारा, डोंगाघाट से लेकर तालापारा, मगरपारा, विद्यानगर, पुराना बस स्टैंड, तोरवा, जोरापारा, कपिलनगर सिम्स के पास, लूथरा टिंबर के पास, बंधवापारा सरकंडा, गंगानगर, ओमनगर आदि जल भराव वाले स्थानों में चिन्हित हैं। इनमें से पिछले साल 8 जगहों पर नाला निर्माण की योजना बनाई गई थी। इस पर 14 करोड़ 22 हजार रुपए खर्च किए गए थे। पूरी राशि पंद्रहवें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त हुई थी।

### दूर होगी समस्या

बंधवापारा से अरपा नदी तक लगभग 4 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से 1400 मीटर स्टार्म वॉटर ड्रेन बनाया जा रहा है, जिसके तहत सड़क को पार कराने के लिए कल्वर्ट का काम शुरू किया गया है। ड्रेन निर्माण से बंधवापारा और सरकंडा क्षेत्र जल भराव की समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाएगी,जो हर बारिश में उत्पन्न हो जाती है।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

### ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट का मामला

## छात्राओं को नोटिस सभी रायपुर तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तहसीलदार के फर्जी हस्ताक्षर से तहसील आफिस से जारी ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट मामले में छात्राओं को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में सभी को अपने समस्त दस्तावजों के साथ डीएमई आफिस में स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

तहसील आफिस बिलासपुर से जुलाई महीने में जारी ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट में बिलासपुर तहसीलदार गरिमा सिंह ठाकुर द्वारा अपने हस्ताक्षर को फर्जी बताने के बाद चर्चा में आया यह प्रकरण राजधानी तक पहुंच चुका है। इस मामले में तीनों छात्राओं भाव्या मिश्रा पिता सूरज कुमार मिश्रा, सुहानी सिंह पिता सुधीर कुमार सिंह व श्रेयांशी गुप्ता पिता सुनील गुप्ता को नोटिस जारी किया गया है। तीनों ही छात्राओं को समस्त दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर डीएमई आफिस में अपना स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। छात्राओं द्वारा रखे गए पक्ष के संतोषजनक होने या नहीं होने के बाद अब इस मामले में निर्णय लिया जाएगा।

- डीएमई के समक्ष देना होगा स्पष्टीकरण

### चार दिनों में देना था जवाब तीन दिन छुट्टी में बीते

छात्राओं को नोटिस का जवाब देने के लिए चार दिनों का समय दिया गया था। इधर शुक्रवार 5 सितंबर को ईद मिलाद उन नबी, 6 सितंबर शनिवार व 7 सितंबर को रविवार अवकाश होने के कारण छात्राओं द्वारा अपना जवाब प्रस्तुत नहीं किया जा सका। ऐसे में छात्राओं के पास अब जवाब के लिए केवल 8 सितंबर का दिन शेष बचा है।

### एक छात्रा के पिता एसईसीएल कर्मचारी, अब बोले सीट छोड़ देंगे

तहसील आफिस से जारी जिन तीन छात्राओं के ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट पर आपत्ति की गई है, उनमें सीपतरोड सरकंडा निवासी एक छात्रा सुहानी सिंह के पिता सुधीर कुमार सिंह एसईसीएल में कर्मचारी हैं। हालांकि छात्रा के पिता मेडिकल में छात्रा के प्रवेश पाने के बाद अब सीट छोड़ देने की बात कह रहे हैं, लेकिन सवाल यह है कि एसईसीएल में पदस्थ होने के बाद भी तहसील आफिस में गलत शपथपत्र प्रस्तुत कर ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट बनवा लेना कहां तक उचित है?

### नोटिस जारी किया गया

जिन कॉलेजों में छात्राओं का एडमिशन हुआ है, नोटिस वहां से जारी किया गया है। जांच में यदि ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट में गड़बड़ी पाई गई तो प्रवेश निश्चित रूप से निरस्त कर दिया जाएगा।

- **यूएस पैकरा**, डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन

## बारिश थमते ही गर्मी ने किया बेहाल

**बिलासपुर।** जिले में बारिश थमी हुई है, दो दिनों से आसमान पूरी तरह साफ है, इस दौरान सूरज की चमक सीधे धरती पर पहुंच रही है, जिससे तापमान बढ़ रहा है, इस दौरान वाष्पीकरण के कारण उमस भरी गर्मी महसूस हो रही है। लोगों को दिन के समय गर्मी से निजात पाने के लिए पंखे और एसी का सहारा लेना पड़ रहा है।

प्रदेश में मानसूनी हवाएं थोड़ी कमजोर पड़ चुकी है, जिससे कुछ जिलों में छोड़ बाकी प्रदेश भर में बारिश थम चुकी है। आसमान से घने और काले बादल गायब है, जिससे आसमान साफ दिखाई दे रहा है, वहीं सूरज की तीखी किरणें भूमंडल का ताप बढ़ा रही है। उमस के कारण गर्मी बेहाल कर रही है हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि कुछ दिनों में फिर से हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि अगले दो दिनों में प्रदेशभर में बारिश और उसकी तीव्रता में गिरावट रहेगी, कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकेगी।गर्मी बढ़ने के कारण रविवार को तापमान 32.2 डिग्री दर्ज किया गया।

### द्रोणिका पड़ी कमजोर

मानसून की द्रोणिका जैसलमेर से गुजरते हुए दक्षिण राजस्थान, मध्य प्रदेश, पेंड्रा रोड, संबलपुर और बंगाल की खाड़ी तक फैली हुई है। राजस्थान से लेकर उत्तर-पूर्व झारखंड तक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। पश्चिम बंगाल की खाड़ी, ओडिशा और उत्तरी आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा बना हुआ है, जिसके चलते द्रोणिका कमजोर पड़ सकती है।

### निचली अदालत के फैसले को रद्द करते हुए हाईकोर्ट ने नियुक्ति करने कहा

## सीमांकन से जुड़े मामलों के लिए कमिश्नर की नियुक्ति जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जमीन विवाद से जुड़े खासकर सीमांकन विवाद के मामलों को लेकर हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि सीमांकन विवाद से जुड़े मामलों के लिए कमिश्नर की नियुक्ति जरुरी है। निचली अदालत के फैसले को रद्द करते हुए हाईकोर्ट ने निचली अदालत को याचिकाकर्ता के जमीन के सीमांकन के लिए कमिश्नर की नियुक्ति करने का आदेश दिया है। इससे पहले सिविल कोर्ट ने दो भाइयों के मामले को निरस्त कर दिया था। सिविल जज के फैसले को चुनौती देते हुए दो नाबालिग भाइयों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

### हाईकोर्ट का बड़ा फैसला



बिलासपुर जिले के तखतपुर गनियारी के दो नाबालिग भाइयों लोकेश कुमार व हेमंत कुमार ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपनी संपत्ति के गांव के ही लोगों द्वारा अतिक्रमण कर मकान बनाने की शिकायत की जानकारी दी है। अतिक्रमणकारियों से अपने स्वामित्व की जमीन को मुक्त कराने और जमीन वापस दिलाने की गुहार नाबालिग भाइयों ने हाईकोर्ट से की है।

याचिकाकर्ता भाइयों ने अपनी याचिका में बताया है कि पिता ने 24 मार्च 2017 को खोरबाहरा साहू से दो लाख रुपए में जमीन खरीदी थी। रजिस्टर्ड सेल डीड के बाद जमीन नामांतरण की प्रक्रिया नियमानुसार की गई है। राजस्व दस्तावेजों में भूमि स्वामी के रूप में उनके पिता का नाम दर्ज है। पिता की मृत्यु के बाद दोनों भाइयों को जमीन का स्वामित्व व कब्जा मिला।

### बिना ठोस कारण बताए खारिज याचिका खारिज

याचिकाकर्ता भाइयों ने बताया कि उनके स्वामित्व वाली जमीन में गांव के गौतम प्रसाद, जनक राम, सुरेश साहू समेत अन्य ने जमीन के एक हिस्से पर बलपूर्वक कब्जा कर लिया है। कब्जा करने के बाद अब मकान व आंगन का निर्माण शुरु कर दिया है। याचिकाकर्ता भाइयों ने अपनी याचिका में कहा है कि कब्जाधारियो से बेदखली की मांग करते हुए सीपीसी के आदेश 26 नियम 9 के तहत स्थानीय आयुक्त की नियुक्ति की मांग करते हुए निचली अदालत में आवेदन पेश किया था। याचिकाकर्ता ने बताया कि उनकी मांग को निचली अदालत ने बिना ठोस कारण बताए खारिज कर दिया है।

### विवाद सीमांकन का तो आयुक्त की नियुक्ति जरूरी

मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया है। हरियाणा वक्फ बोर्ड बनाम शांति स्वरूप मामले में दिए फैसले का हवाला देते हुए कहा कि जब विवाद जमीन के सीमांकन से जुड़ा हो तो आयुक्त की नियुक्ति जरूरी हो जाती है। निचली अदालत के आदेश को त्रुटिपूर्ण मानते हुए हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट ने निचली अदालत को निर्देशित किया है कि याचिकाकर्ता के जमीन के सीमांकन विवाद के निपटारा के लिए कमिश्नर की नियुक्ति करे।

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का 4 स्टेशन में स्टापेज का समय बदला

**बिलासपुर।** कोरबा से अमृतसर के बीच चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का चार रेलवे स्टेशन में स्टापेज के समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेल मंडल के सोनागिर रेलवे स्टेशन में प्रायोगिक सुविधा 6 माह के लिए दी जा रही है। 7 सितम्बर से कोरबा रेलवे स्टेशन से रवाना होने वाली कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का सोनगिर स्टेशन में 12.50 बजे से 12.52 बजे तक ठहराव होगा। अमृतसर से आने वाली ट्रेन सोनगिर स्टेशन में 11.57 बजे से 11.59 बजे तक रोकी जाएगी। इसके अलावा डबरा, ग्वालियर, मुरैना, दतिया, वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन में ट्रेन के स्टापेज में आंशिक परिवर्तन किया गया है। कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस डबरा स्टेशन 13.07 बजे से 13.09 बजे तक, ग्वालियर स्टेशन में 13.45 बजे से 13.47 बजे तक, मुरैना स्टेशन में 14.16 से 14.18 बजे तक और अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस दतिया स्टेशन में 12.13 बजे से 12.15 बजे तक रोकी जाएगी।



वोट चोर
गद्दी छोड़
प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन
कार्यक्रम
09 सितम्बर 2025, दिन मंगलवार
समय: दोपहर 12 बजे
स्थान: ग्रीन पार्क मैदान, संजय तरण पुष्कर
मुंगेली नाका, बिलासपुर
मुख्य अभ्यागत
माननीय सचिन पायलेट जी
महामंत्री
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रभारी
छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी
विनीत: जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, सेवा दल, युवा कांग्रेस, NSUI एवं
समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण बिलासपुर



कार्यक्रम

## सनाढ्य ब्राह्मण महिला संघ की अध्यक्षा डॉ तनुजा बनीं



**बिलासपुर।** सनाढ्य ब्राह्मण महिला मंडल की एक आवश्यक बैठक रखी गई, जहां आगामी कार्यक्रम तथा सत्र 2025 26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए डॉ तनुजा बिरथरे के लिए प्रस्ताव दीप्ति मिश्रा ने रखा, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन कर पास किया। सचिव पद के लिए पूनम पराशर का प्रस्ताव शोभा त्रिपाठी ने रखा जिसे सभी सदस्यों ने समर्थन किया तथा कोषाध्यक्ष के लिए दीप्ति मिश्रा का प्रस्ताव निरजा दीक्षित ने रखा जिसे सभी सदस्यों ने समर्थन कर पास किया। सहसचिव के लिए दीप्ति गुबरेले का प्रस्ताव मीनाक्षी दीक्षित ने रखा जिसे सभी सदस्यों ने समर्थन किया तथा सह कोषाध्यक्ष के लिए कोकिला उपाध्याय का प्रस्ताव सुनीता मिश्रा ने रखा जिसे सभी सदस्य ने समर्थन किया। इस बैठक में वरिष्ठ महिला उर्मिला मिश्रा,मनोरमा मिश्रा, डॉ तनूजा बिरथरे, पूनम पराशर, दीप्ति गुबरेले,पिंकी दीक्षित, शोभा त्रिपाठी, शैल मिश्रा,अनीता मिश्रा,सुनीता मिश्रा, कोकिला उपाध्याय, विभा मिश्रा, नीरजा दीक्षित, भावना मिश्रा, सुधा दुबे, मीना दुबे, संगीता मिश्रा, मीनाक्षी दीक्षित सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

# ग्रहण के दौरान संकीर्तन, आज खुलेंगे मंदिरों के पट

खग्रास चंद्रग्रहण पर रविवार को दोपहर 12:57 से सूतक लगा रहा। सूतक काल में भगवान भजन, संकीर्तन करना शुभ माना जाता है। इसके मद्देनजर सदर बाजार स्थित श्री व्यंकटेश मंदिर, काली मंदिर, हरदेवलाल मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भगवत भजन व संकीर्तन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चंद्रग्रहण रात्रि 9:57 से प्रारंभ होकर मध्यरात्रि 1:27 पर मोक्ष हुआ। चंद्रग्रहण के चलते श्री श्याम मंदिर में रविवार को सुबह साढ़े 11 बजे से मंदिर का पट बंद कर दिया गया था। सोमवार को सुबह श्रद्धालु भक्तों के दर्शन के लिए पट खोल दिए जाएंगे। श्री व्यंकटेश मंदिर में भगवान के पट दोपहर 11:45 से बंद कर दिया गया था। सोमवार 8 सितंबर को प्रातः 5:30 के बाद खोला जाएगा। भगवान की उत्थापन आरती प्रातः 5:30 बजे सुप्रभातम पाठ के साथ होगी। भगवान का अभिषेक प्रातः 6:30 बजे से



होगा। सभी सेवादार समय पर आकर भगवान की सेवा में सम्मिलित हो सकते हैं। इसी प्रकार शहर के अन्य मंदिरों के पट भी सूतक काल में बंद रहे। सोमवार से प्रतिदिन की तरह पट खोल दिए जाएंगे और नियमित पूजा, पाठ होती रहेगी।



### संकीर्तन में शामिल हुए श्रद्धालु

श्री व्यंकटेश मंदिर में रविवार को शाम 6 बजे से मानस गान व भगवान नाम संकीर्तन किया गया। सूतक व ग्रहण वेला में नाम संकीर्तन करने सभी भगवतानुरागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा संकीर्तन किया।

आयोजन

## ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद के तीज मिलन में नृत्य-गीत की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** ब्राह्मण सामाजिक संस्था समग्र ब्राह्मण परिषद् की मातृशक्ति परिषद इकाई द्वारा रविवार को तीज मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद की जिला सचिव अंजू शर्मा ने बताया की संगठन द्वारा सभी बहनों को सनातन संस्कृति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण से जोड़ने के लिए यह आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव निलिमा शर्मा एवं जिलाध्यक्ष रमा दीवान सहित सभी बहनों ने विप्रकुल शिरोमणि भगवन परशुराम एवं शिव पार्वती की पूजा कर दीप प्रज्वलन किया गया। प्रदेश संगठन विस्तार प्रमुख राही दुबे ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि तीज मिलन के इस कार्यक्रम में नंदिनी तिवारी ने तीज पर अपनी कविता प्रस्तुत की, मोहिनी गौराहा ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया, बहनों सामाजिक रुप से सुआ नृत्य एवं भोजली गीत की भी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर उपस्थित सभी बहनों ने ठेठरी, खुरमी, पीढ़िया, खाजा आदि पारंपरिक व्यंजनों सहित स्वादिष्ट भोजन का भी आनंद लिया।

# हर जीव का अंतिम लक्ष्य हो भगवत प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भगवान को भक्ति अति प्रिय है। भक्ति रानी भगवान की प्रेयसी है। हर जीव का अंतिम लक्ष्य भगवत प्राप्ति होनी चाहिए। शास्त्रों में भगवत प्राप्ति का वर्णन किया गया है। भगवान की कथा व लीला का श्रवण करने से हृदय में कीर्तन प्रकट होने लगते हैं। कीर्ति व तन से परे हो जाएं तो वास्तविक कीर्तन प्रकट होता है। दोस्ती कृष्ण-सुदामा जैसी दोस्ती हो।

ये बातें कथावाचक अभिनव गोपाल शरण महराज ने राधा गोपाल सत्संग सेवा संघ एवं श्री लक्ष्मी नारायण सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में घोंघाबाबा मंदिर परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा रस महोत्सव के समापन पर रविवार को परीक्षित मोक्ष व कृष्ण-सुदामा चरित्र की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि अलग-अलग साधनों से जीवों में दिव्य ज्ञान का प्रकाश व चरणों का वंदन किया गया है। त्रेता युग में ऋषियों ने वनों में जाकर अनंत-अनंत वर्षो तक तपस्या की। विश्वास को दृढ़ कर भगवत संतति को प्राप्त किया। द्वापर युग में समस्त विभूतियों के प्रति श्रद्धा से भगवान प्राप्ति का साधन संपादित हुआ। कलयुग को राजा परीक्षित ने शरण दी। अपने जीवन को शुद्ध करने एवं सार्थक बनाने भगवत कथा अवश्य सुनें।



श्याम मंदिर में भागवत कथा रस महोत्सव का समापन

### अपनी रक्षा के लिए धर्म की रक्षा अनिवार्य

कथावाचक ने कहा कि अपने आप की रक्षा के लिए धर्म की रक्षा करना अनिवार्य है। जब असत्य, संघर्ष बढ़ने लगता है तब अधर्म की बढ़ोतरी होने लगती है। इससे मन में काम उत्पन्न होता है। कामनाओं की पूर्ति नहीं होने से क्रोध उत्पन्न होता है। मन अशांत होने लगता है। वहीं मोह में पड़ जाने के कारण स्मृति का विनाश होने लगता है। मोह से सारी संततियां धूमिल हो जाती है।



### पाप भोगने आना पड़ता है धरती पर

कथावाचक ने बताया कि पाप-पुण्य भोगने में जीव का कई जन्म कट जाता है। पाप भोगने धरती पर आना पड़ता है। जीवन चक्र से निकलने भी कई झटके की आवश्यकता होती है। सब कुछ छोड़ कर भगवान के श्री चरणों में अपने को समर्पित कर दें तो कल्याण हो जाता है। संसार चक्र से निकलने समर्पण की आवश्यकता होती है। कलयुग में भगवत प्राप्ति का मूल साधन भागवत कथा है। भागवत में नवधा भक्ति का वर्णन है। भगवत भक्ति के 9 आचार्य हैं। श्रवण भक्ति के आचार्य राजा परीक्षित है।

धर्म-क्षेत्र

## वेदों की ओर लौट कर बनाएं जीवन को सार्थक



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग का कार्यक्रम हुआ। यज्ञ के बाद आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने गीत प्रस्तुत किया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि सभी वेदों की ओर लौटें और अपने जीवन को सार्थक बनाएं। आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि गणेश और गणपति दोनों नाम ईश्वर के है। संपूर्ण विश्व व गणों का स्वामी होने से ईश, ईश्वर का नाम गणेश और सभी जीवों का भरण पोषण पालन करने से पति अर्थात गणपति हैं। शिवजी का पुत्र गणेश माता-पिता का भक्त व माता-पिता की आज्ञा पालन करने वाला था। जो पुत्र माता-पिता की आज्ञा का पालन करेगा, बड़ों का आदर और सम्मान करेगा, श्रेष्ठ पूर्वजों के पद चिन्हों पर चलेगा उसकी सब विघ्न बाधाएं दूर हो जाती है इसलिए गणेश को विघ्नहर्ता कहते हैं। आज की संतानें गणेश के इस गुण को ग्रहण नहीं करते हैं। डॉ प्रेमांकुर गुप्ता ने भी अपने विचार रखे।

## कलाकारों ने दी ठुमरी में भाव अभिनय की बखूबी प्रस्तुति

**बिलासपुर।** श्री कला मंजरी कथक संस्थान ने नृत्य अलंकार कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें संस्था की बालिकाओं ने पारंपरिक वेश में कथक एवं कोलकाता के देवांशु मण्डल ने ठुमरी में भाव अभिनय की बखूबी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शेरो अध्यक्ष भगवती खोईवाल, विशिष्ट अतिथि जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी के संस्थापक सदस्य डॉ रमन कटारिया थे। अध्यक्षता स्पीक मैके छत्तीसगढ़ के संयोजक डॉ अजय श्रीवास्तव ने की। संस्कृत अतिथि के रूप में विवेक, शुभदा जोगलेकर उपस्थित रहे। श्री कला मंजरी कथक संस्थान के सचिव व कथक सम्राट पं. बिरजू महाराज के शिष्य रितेश शर्मा ने परफॉर्मिंग आर्ट के विषय में मूलभूत जानकारी दी एवं इस प्रयोग मंच को तार्किक और बच्चों के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि यह अनुष्ठान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि संस्थान के कथक विद्यार्थियों का वार्षिक प्रयोग परीक्षा थी। कोलकाता से आए डॉ मधुमिता राय के शिष्य देवांशु मंडल ने कथक में कृष्ण वंदना, मधुराष्टकम, ताल धमार में शुद्ध नृत्य एवं ठुमरी में भाव अभिनय की बखूबी प्रस्तुति दी। संस्थान के विद्यार्थियों ने गिनती तिहाई बाट, पारंगत भाव तराना व बंदिशें एवं सीनियर विद्यार्थियों ने मंच पर एकल प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में संस्था की कोषाध्यक्ष शीला शर्मा, सीसीएल, सीएमपीडीआई एवं रेलवे अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में संस्थान के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।





### बच्चों के अंदर संगीत का होता है विकास

कार्यक्रम अध्यक्षता डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि मंच पर इस पद्धति से कथक नृत्य की प्रायोगिक परीक्षा अपने आप में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे बच्चों के अंदर संगीत का गहरा विकास होता है। संगीत केवल एक मनोरंजन नहीं बल्कि जीवन जीने की एक कला भी है। शिक्षाविद श्री जोगलेकर ने इस आयोजन को जीवन के लिए उपयोगी बताया। श्रीमती खोईवाल ने ऐसे आयोजनों के प्रति प्रसन्नता जाहिर की।

कला मंजरी कथक संस्थान ने आयोजित किया नृत्य अलंकार कार्यक्रम

## शिक्षा केवल ज्ञान पाना ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना है

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल के तत्वावधान में सेवानिवृत आईएएस चंद्रहास बेहार का शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. पुष्पा भण्डारी ने कहा कि रोजगार उन्मुख शिक्षा प्रदान करना, छात्राओं को सशक्त नागरिक बनाना एवं नई शिक्षा नीति के माध्यम से समग्र, बहुविषयक और कौशल–आधारित शिक्षा प्रदान करना मुख्य ध्येय है। जिससे छात्राएं व्यवहारिक रूप ये सीधे समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में अपना भूमिका अदा कर सके।

प्राचार्य डा. एसआर कमलेश ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करना ही नहीं है, बल्कि अपने व्यक्तित्व का विकास, मूल्य आधारित शिक्षा, कौशल विकास और समाजोपयोगी नागरिक होकर देश एवं राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना है। विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता चंद्रहास बेहार ने कहा कि छात्राओं को अनुशासित रहते हुए ज्ञानअर्जन कर राष्ट्र के विकास में एक सजक नागरिक की भूमिका अदा करनी चाहिए। उन्होंने कहां गणेश भगवान के समान ज्यादा सुनकर, कम बोलकर, अपनी बुद्धि का उचित इस्तेमाल करना चाहिए। परीक्षाएं और डिग्री प्राप्त करना नहीं हैं बल्कि महाविद्यालय में समय समय पर आयोजित संगोष्ठी, कार्यशाला, खेल–कूद, सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपने व्यक्तत्वि का विकास, जीवन कौशल, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक मूल्य सीखना है। महाविद्यालय पुस्तकालय में उपलब्ध साहित्यों एवं चिन्तकों एवं विद्वानों का जीवनियां का अधिक से अधिक अध्ययन करना चाहिए।





छात्राओं ने भविष्य में प्रौद्योगिकी की बढ़ती हुई समस्या, एवं रोजगार के घटते अवसर से संबंधित कई प्रश्न पूछे जिसका समाधान बहुत ही सरल एवं सहजता से बेहार ने प्रदान किए। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर की छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डा मधुलिका सिन्हा एवं धन्यवाद गार्गी शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में डा. कल्याणी जैन, डां संगीता शुक्ला आदि मौजूद थीं।

आयोजन

## महिला और बच्चों ने फैंसी ड्रेस, ड्राइंग पाककला, सिंधी गायन की दी प्रस्तुति



**बिलासपुर।** भारतीय सिंधु सभा महिला विंग तथा पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन सिंधी कॉलोनी पंचायत भवन में किया गया। फैंसी ड्रेस, ड्राइंग,पाककला, सिंधी गायन सिंधी बेत, सिंधी देवनागरी में निबंध, जोड़ी नंबर वन इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,जिसमें बहुत बड़ी संख्या में महिलाओं एव बच्चो ने हिस्सा लिया। भारतीय सिंधू सभा की अध्यक्ष गरिमा शाहनी ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रतिभा को निखारना है जिससे बच्चों में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है। पूज्य सेंट्रल पंचायत की नव निर्वाचित महिला अध्यक्ष कंचन मलघानी ने कहा कि इन प्रतियोगिताओ के माध्यम से बच्चों एव महिलाओं की प्रतिभा का विकास होता है और वे अपने हुनर से हर क्षेत्र मे अपना नाम रोशन कर सकते है। ड्राइंग प्रतियोगिता में भी बहुत बच्चो ने हिस्सा लिया था, कार्यक्रम का संचालन पूनम बजाज, रिमी भगतानी, प्राची भगतानी ने किया गया।

स्पोर्ट्स न्यूज

तीन दिवसीय प्रतियोगिता का किया समापन

# बस्तर के बाद अब सरगुजा ओलंपिक भी शुरू होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने बहतराई स्टेडियम में छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 22 वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को संघ की ओर से पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक सुशांत शुक्ला ने की। विशेष अतिथि के रूप में महापौर पूजा विधानी उपस्थित थीं।

गौरतलब है कि पूरे राज्य से आए लगभग डेढ़ हजार खिलाड़ियों और खेल अधिकारियों ने तीन दिनी प्रतियोगिता में खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 7 सितम्बर तक छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ और जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से बहतराई में किया गया। इसमें एथलेटिक्स की 17 खेलों में 138 विधाओं में प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई। बालक और बालिका दोनों वर्ग के खिलाड़ी इसमें शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता में हिस्सेदारी के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सबने खेल भावना के अनुरूप बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है। वास्तव में खेल में कोई हारता ही नहीं है। या तो वह जीतता है या आगे के लिए कुछ सीखता तो जरूर है। खेलों में भागीदारी बड़ी बात होती है।

श्री साव ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने से प्रतिभा में निखार आता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेलों के विकास और उन्हें बुनियादी सुविधाएं देने के लिए वचनबद्ध है। हमने खेलों में बंद पड़े राज्य अलंकरण सम्मान फिर से शुरू किया है। बस्तर ओलंपिक जारी रहेगा, आगे अब सरगुजा ओलंपिक शुरू करने की भी योजना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप सांसद खेल महोत्सव भी शुरू किया गया है।



### खिलाड़ी छग का नाम करेंगे रोशन

विधायक सुशांत शुक्ला ने स्वागत भाषण दिया, उन्होंने कहा कि खेल मंत्री का प्रभार मिलने के बाद उप मुख्यमंत्री अरुण साव का खेल संबंधी यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है। उन्होंने बिलासपुर के संपूर्ण खेल बिरादरी की ओर से उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि संपूर्ण जोश के साथ खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया है। ये खिलाड़ी आगे चलकर बेहतरीन प्रदर्शन के जरिए छत्तीसगढ़ और देश का नाम रोशन करेंगे। कलेक्टर संजय अग्रवाल, आयुक्त नगर निगम अमितकुमार, ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी अजीत लकड़ा, एथलेटिक्स संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह, जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, रामदेव कुमावत, जिला खेल अधिकारी श्री एक्का सहित एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारी और खिलाड़ी तथा खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## क्रिकेट संघ बिलासपुर के अंडर-14 ट्रायल 14 को

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा इस वर्ष भी सभी वर्गो का इंटर डिस्ट्रिक्ट मैच कराया जाएगा। जिसके लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा सभी जिला को निर्देशित किया गया है की सभी वर्गो का ट्रायल कराया जाए। क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि जिसके लिए क्रिकेट संघ द्वारा 14 सितंबर को सुबह 9 बजे कोनी के आधारशीला विद्या मंदिर स्कूल में ट्रायल लिया जाएगा, जिसके लिए ट्रायल देने वाले सभी खिलाड़ी अपना ओरिजिनल डॉक्यूमेंट जैसे अंतिम 6 साल के मार्कशीट, पीवीसी आधार कार्ड, डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट और एक पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है और साथ ही ट्रायल और रजिस्ट्रेशन फीस 500 रुपए देने होंगे। ट्रायल 2025 सत्र के लिया जाएगा जिसके लिए अंडर 14 के लिए इस वर्ष कट ऑफ डेट निर्धारित किया गया है। जो 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 तक रखा गया है, इस वर्ष के मध्य जन्म लेने वाले खिलाड़ी अंडर 14 ट्रायल दे सकेंगे। ट्रायल के लिए फॉर्म क्रिकेट संघ बिलासपुर के ऑफिस में प्राप्त होगा। फॉर्म को ऑफिस में ही सबमिट करना होगा। जिसके लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर के ऑफिस सरजू बगीचा मसानगंज में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे के मध्य फॉर्म दिया जाएगा और फॉर्म सबमिट किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए महेश दत्त मिश्रा, सोनल वैष्णव से संपर्क कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### सिम्स के डाक्टरों ने कोटा में लगाया रक्तदान शिविर



**करगी रोड कोटा।** सिम्स हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने अग्रसेन भवन में नव निर्वाचित अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू की उपस्थिति में रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में बड़ी संख्या में नगर एवं सेवा भारती के युवकों ने उत्साह पूर्वक 76 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का परिचय दिया। शिविर में डॉक्टरों ने रक्तदान के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि एक यूनिट रक्त से मरीजों की जिंदगियों को बचाया जा सकता है। युवाओं की सहभागिता और जोश ने कार्यक्रम को सफल बना दिया। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे ज़रूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके ।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



करगी रोड कोटा। एकता युवा मंच द्वारा डाक बंगला रोड पर स्वामी नारायण प्रपन्ना महराज प्रयागराज के सानिध्य में सार्वजनिक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। आयोजन का शुभारंभ में कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं-पुरुष शामिल हुए। डाकबंगला रोड से निकली कलश यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः आयोजन स्थल पर पहुंची। यात्रा में भक्तगण भजन-कीर्तन गाते हुए चल रहे थे, जिससे पूरे वातावरण में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर प्रपन्नाचार्य महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि यह ज्ञान यज्ञ मनुष्य जीवन को सही दिशा प्रदान करता है और पितरों की मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों तक कथा का वाचन प्रातः 7 से 12, शाम 3 से 7 बजे तक कथा वाचन किया जाएगा।

### पेंड्रा में ईको ग्राम अभियान का दूसरा चरण सम्पन्न



**पेंड्रा।** वनमण्डल मरवाही के तत्वावधान में ईको ग्राम अभियान का दूसरा चरण पेंड्रा स्थित मल्टीपरपस स्कूल हॉल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। लगभग 220 से अधिक वन प्रबंधन समिति सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र बहादुर सिंह ने की। विशेष अतिथियों में जिला उपाध्यक्ष लुसन राठौर, मुख्य जिला आयुक्त भारत स्काउट गाइड नीरज जैन, वनमण्डल अधिकारी ग्रीष्मी चांद, एसडीओ गौतम पाधिवार सहित विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी एवं मीडिया प्रतिनिधि से अखिलेश नामदेव एवं दुर्गेश बिसेन शामिल रहे। ग्रामीण प्रतिभागियों ने अपशिष्ट प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, ऊर्जा संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर व्यावहारिक अभ्यास कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में संकल्प लिया। कार्यक्रम की सफलता में वन परिक्षेत्र अधिकारी आईपी खूंटे, उप वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश बंजारे एवं वन विभाग के समस्त कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा। साथ ही नेचर वेलफेयर फ़ाउंडेशन एनजीओ के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से अभियान को विशेष बल मिला। वनमण्डल अधिकारी ग्रीष्मी चांद ने बताया कि यह अभियान केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि व्यवहारिक बदलाव और सतत विकास की दिशा में ठोस कदम उठाने का माध्यम बनेगा। यह आयोजन एक आंदोलन है, जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए हरित और सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाता है।

### बीआरसी कार्यालय में शिक्षक प्रशिक्षण



**पथरिया।** बीआरसी कार्यालय में विकासखंड स्तर पर कक्षा 6वीं की नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित गणित विषय का पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में शिक्षकों को नई पाठ्यपुस्तकों की संरचना और उद्देश्य एवं विषय वस्तु के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में गणित विषय को सहज और सरल तरीके से पढ़ाने के तरीको को साझा करने और इसके लिये कौशल विकास पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण समापन समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीआरसीसी अशोक यादव ने कहा कि, सभी शिक्षक प्रशिक्षण में बताई गई बातों को ग्रहण करके स्कूलों में गुणवत्ता पूर्वक अध्यापन कार्य करें। एबीईओ यतेंद्र भास्कर ने कहा कि, शिक्षकों का समर्पण एवं दृष्टिकोण एक विद्यार्थी के जीवन को नई दिशा प्रदान करता है, इसलिए आप सभी बच्चों के लिए पूर्ण समर्पित होकर पढ़ाई कराएं, ताकि उन्हें सही दिशा मिल सके। उन्होंने गणित के भय से मुक्त कक्षा की परिकल्पना को साकार करने शिक्षकों से विशेष प्रयास की बात कही। इसके बाद प्रशिक्षण लेने वाले सभी शिक्षकों को प्रणाम पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मास्टर ट्रेनर मानसिंह राजपूत एवं आभार प्रदर्शन अमित सोनी ने किया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर रितेश सिंगरौल अशोक मरावी, शिक्षक सर्वेश त्रिवेदी, गोरेलाल साहू, जगदीश टन्डन सहित विभिन्न स्कूलों के गणित विषय के अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट झांकी एवं स्वच्छ पंडाल वाली समिति होंगे पुरस्कृत, डिप्टी सीएम साव देंगे ईनाम

# लोरमी में पहली बार निकली गणेश विसर्जन झांकी, आस्था और श्रद्धा का उमड़ा सैलाब

उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव के नेतृत्व में नगर में पहली बार भव्य गणेश विसर्जन झांकी भक्तिमय माहौल में निकाली गई। इसमें लोरमी के परिवारजन एवं भक्त बड़ी संख्या में शामिल होकर भगवान श्री गणेश की आकर्षक झांकियों के दर्शन किए। पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

शनिवार को निकली झांकी में विघ्नहर्ता गणपति बप्पा की महिमा और सनातन संस्कृति की गौरवशाली झलक दिखी, जिससे उपस्थित जन भाव विभोर हो उठे। भक्तों ने आराधना करते हुए झांकियों का स्वागत किया और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर श्रद्धा, आस्था और उत्साह का विशेष वातावरण देखने को मिला। नगरवासियों ने 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों के साथ भगवान गणेश जी को विदाई दी। सभी ने अगले वर्ष पुनः दर्शन और पूजा करने की कामना की। लोरमी नगर में इस आयोजन ने एक नई परंपरा की शुरुआत की है।

बता दें कि, विधायक अरुण साव ने लोरमी में पंडाल स्वच्छता, साज सज्जा और गणेश झांकी पर प्रतियोगिता का आयोजन किया था। कुछ दिनों में उत्कृष्ट झांकी समिति के नाम घोषित कर इनाम दी जाएगी। स्वच्छ पंडाल वाले समिति को भी पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा, मंडल अध्यक्ष गण दिनेश कश्यप, सुशील यादव, राजेंद्र साहू, लेखराज सिंह ठाकुर, अशोक जायसवाल, विनय साहू, रवि शर्मा, रामेश्वर बंजारे, धनी राम यादव, प्रदीप मिश्रा, रामवतार राजपूत, विकास केशरवानी, घनशु राजपूत, मुकेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।



### बैंडबाजे और आतिशबाजी के साथ दी बप्पा को विदाई



बेलगहना। श्री कृष्ण नगर गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने दस दिन भगवान गणेश की पूजा अर्चना करने के बाद धूमधाम से उन्हें विदाई दी। इस कार्यक्रम मे समिति क सदस्यों के द्वारा आतिशबाजी एवं बैण्ड बाजे के साथ बप्पा की विदाई की गई। इस दौरान गणेश जी की प्रतिमा को पंडाल से लेकर पूरे गांव का भ्रमण कराया गया, फिर शिव घाट में भगवान की प्रतिमा को जल में विसर्जन किया गया। इस दौरान समिति के सदस्य जतिन श्रीवास, अभिषेक, गुप्ता, रोशन धुरु, शिवम पटेल, मनीष मरावी, प्रहलाद यादव, मोहित प्रधान, सूरज धुरु, वासु श्रीवास, हिमांशु पैकरा, ऋषि चानडक, शेखर श्रीवास, नवीन शर्मा, उपस्थित रहे।

### कौशिक ने अपने निवास में विराजित भगवान गणेश की प्रतिमा को दी विदाई



बिलासपुर। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक ने रविवार को परिवार साहित अपने निवास परसदा में विराजित किए गए भगवान गणपति की प्रतिमा का विसर्जन किया। इस अवसर पर श्री कौशिक ने प्रभु से प्रार्थना की कि उनकी कृपा दृष्टि संपूर्ण जगत पर सदा बनी रहे। सबके जीवन से विघ्न दूर हों और समाज में प्रेम, सद्भाव एवं बंधुत्व की भावना निरंतर प्रबल होती रहे साथ ही क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि और विकास की मंगल कामना की। श्री कौशिक ने रविवार को गणेश जी को भक्ति और उल्लास के साथ विसर्जन कर अगले वर्ष जल्दी आने की प्रार्थना की। इस मौके पर परिवार के सभी सदस्य सुपुत्र देवेंद्र कौशिक, पुष्पेंद्र कौशिक एवं पोता अबीर कौशिक एवं भक्त उपस्थित हुए।

### गणेश विसर्जन शोभायात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु ढोल-ताशों की गूंज, डीजे की धुनों पर भक्तों ने किया नृत्य

**दगोरी।** यातायात नगर वार्ड क्रमांक 9 परसदा स्थित आजाद चौक गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित 35वें वर्ष के गणेशोत्सव का समापन विसर्जन यात्रा के साथ हुआ। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ गणेश पंडाल में रही। गणेश प्रतिमा को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजे रथ पर विराजित कर विसर्जन यात्रा निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकटवर्ती जलाशय तक पहुंची।

यात्रा के दौरान ढोल-ताशों की गूंज, डीजे की धुनों पर भक्तों का नृत्य और जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य ओंकार कौशिक, अर्जुन कौशिक, जय रजक, प्रदीप कौशिक मुकेश निर्मलकर, जयकिशन रजक, संजय कौशिक, बालाराम रजक, अनिल कौशिक, संदीप रजक, राहुल कौशिक, ऋषि कौशिक, यश कौशिक, शितलेश कौशिक, निक्कू रजक, गगन रजक, शिव कौशिक, अभिषेक रजक, विकास कौशिक, निखिल कौशिक, अमन कौशिक, अजय रजक, कुलदीप रजक, शुभम कौशिक, रघुनाथ रजक, सक्षम रजक, पीयूष निर्मलकर, मनीष रजक, रोशन निर्मलकर, किशन कौशिक, राकेश रजक, रोहित कौशिक सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।



## रोहराखुर्द स्कूल में उत्साह के साथ मनाया गया खेल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला रोहराखुर्द में राष्ट्रीय खेल दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत रोहराखुर्द के सरपंच संध्या जोगीवंश द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके पश्चात बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित प्रतियोगिताओं में दौड़, कबड्डी, खो-खो, कुर्सी दौड़, फुगड़ी, रस्सा-कसी और पिट्ठूल जैसे खेल शामिल रहे। बच्चों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर श्रीमती संध्या जोगीवंश ने अपने संबोधन में कहा कि खेल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। यह न केवल अनुशासन और एकता की भावना जगाते हैं, बल्कि



विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। हमें खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में सरपंच संध्या जोगीवंश, चंद्र कुमार जोगीवंश, सचिव मुरीत राम साहू, प्रधान पाठक अमर प्रसाद कुर्रे, दिलीप जाटवर, शिक्षक जीतेन्द्र बंजारा, गजेंद्र सोनवानी, चंद्र प्रकाश सूर्यवंशी, भूषण पात्रे, महेंद्र यादव, रिनू लाल एवं सभी विद्यार्थी और ग्रामवासी मौजूद रहे और स्वस्थ, सक्रिय व अनुशासित जीवन जीने का संकल्प लिया।

### ट्रांसफार्मर सीटी ब्लास्ट से घंटों बाधित रही बिजली आपूर्ति

बिश्रामपुर। रविवार को बिश्रामपुर स्थित 132/33 केवी विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत इनकमिंग 132 केवी लाइन का करंट ट्रांसफार्मर सीटी में तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। विस्फोट की आवाज इतनी जोरदार थी कि आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए,घटना से पूरे उपकेंद्र में अफरा-तफरी मच गई,लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई,इस ब्लास्ट के बाद उपकेंद्र से निकलने वाली सभी 33 केवी लाइनें बंद हो गईं,इसके कारण बिश्रामपुर शहर समेत दर्जनों गांवों में पूरी तरह विद्युत सप्लाई बाधित हो गई।बिजली कटने से घरों में रोजमर्रा का काम प्रभावित हो गया,बाजारों में काम प्रभावित हो गया और इंटरनेट सेवा भी बाधित हो गई, इसमें ज्यादातर छोटे व्यवसायियों और दुकानदारों को खासा नुकसान उठाना पड़ा,धमाके की सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात इंजीनियरों और कर्मचारियों ने कंट्रोल रूम को सूचित कर आपातकालीन मरम्मत कार्य शुरू किया।

## चुनाव जीतने के लिए नए पैंतरों का उपयोग कर रही भाजपा: रश्मि

**तखतपुर।** भाजपा अब चुनाव जीतने के नए पैंतरों का उपयोग रही है। ईवीएम की तरह अब मतदाता सूची में भी गड़बड़ी करना शुरू कर दिया गया है। सभी जनप्रतिनिधियों को आने वाले समय में इस बात के लिए जागरूक होना होगा और अपने गांव, क्षेत्र की मतदाता सूची में ध्यान देना होगा कि उसमें गांव के ग्रामीणों का नाम मतदाता सूची से काटा तो नहीं गया और मतदाता सूची से ऐसे मतदाताओं का नाम गायब किया जा रहा है जो निष्पक्ष रूप से सरकार की क्रियाकलापों को देखकर मतदान करते हैं। उक्त बातें पूर्व विधायक रश्मि सिंह ने कांग्रेस कार्यालय में कहीं।

श्रीमती सिंह ने कहा कि भाजपा इस बात से वाकिफ हो गई है कि आने वाले चुनाव में उसकी हार तय है। प्रदेश कांग्रेस सचिव आतमजीत मक्कड़ ने कहा कि सरकार ने



मतदाता सूची से वोट गायब कर चुनाव जीतने का नया तरीका ईजात किया है जिसका विरोध पूरे देश में किया जा रहा है। नगर पालिका चुनाव में ही कई कांग्रेस परिवार का नाम मतदाता सूची से काटने का प्रयास किया गया था। कांग्रेस नेता आशीष सिंह ठाकुर ने कहा कि 9 सितम्बर को कांग्रेस का बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट उपस्थित होंगे। इस अवसर पर अमित भारते, मुन्ना श्रीवास, बिहारी देवांगन, अजय देवांगन, अभ्युदय तिवारी, अभिषेक पाण्डेय, सुरेश ठाकुर, बबलू गुप्ता, सुनील जांगड़े, अवधेश शुक्ला, चंद्रप्रकाश देवांगन, बबलू पटेल, करीम कुरैशी, दीपक ठाकुर, दिनेश देवांगन, जितेंद्र राज, दीपक लहरे, प्रियांशु डाहिरे, राजेश बंजारे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सायकल के साथ ही अब छात्राओं की पढ़ाई की गति भी बढ़े

# सायकिल ने बालिकाओं के हौसलों को दिए पंख

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

शाउमा विद्यालय एरमसाही में सरस्वती सायकल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें जिला पिछड़ा वर्ग किसान मोर्चा के महामंत्री यदुराम साहू ने मुख्य आसंदी से बोलते हुए कहा कि 2004 में डॉ रमनसिंह पूर्व मुख्यमंत्री ने दूरदर्शी सोच रखकर बालिकाओं के शिक्षा और स्कूल में ठहराव को लेकर सरस्वती सायकल योजना प्रारंभ किये जिसका सुखद परिणाम यह रहा कि अब लगभग हर स्कूलों में बालिकाओं की दर्ज संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई।

विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू ने सभी बच्चों को कहा कि सायकल के साथ ही अब आपके पढ़ाई की गति भी बढ़े। सायकल ने बालिकाओं के हौसले को पंख दे दिए। घंटी बजाती हुई जब हमारे बच्चे सड़क से गुजरते हैं तो बड़ा सुकून मिलता है।



सायकिल वितरण करते हुए अतिथि।

उन्होंने बच्चों से मोबाइल का कम से कम उपयोग या केवल सदुपयोग करने की नसीहत दी। अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्राचार्य आईपी सोनवानी ने कहा कि इस वर्ष हमारे विद्यालय में कक्षा 9 वी के 68 बालिकाओं को निशुल्क सरस्वती सायकल प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम को भाजपा के जिला विशेष आमंत्रित सदस्य राधेश्याम मिश्रा , जनपद प्रतिनिधि भास्कर पटेल , सरपंच प्रतिनिधि मेघनाथ खांडेकर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था के व्याख्याता गौरीशंकर चंद्राकर ने कहा कि इस स्कूल में लड़कों और लड़कियों की संख्या लगभग बराबर है। परीक्षाफल में स्कूल का बेहतर परिणाम के कारण आसपास के गांवों के बच्चे यहाँ पढ़ने आते हैं।आभार प्रदर्शन करते हुए व्याख्याता रामेश्वर गुप्ता ने कहा कि निःसंदेह सरस्वती सायकल योजना से बालिकाओं के उत्साह और स्कूल आने की ललक बढ़ी है।उन्होंने मुख्य अतिथि से स्कूल में बालकों के लिए शौचालय की मांग रखी। इस कार्यक्रम प्रमुख रूप से जनपद सदस्य श्रीमती अंजली पटेल, सरपंच श्रीमती विश्वमनी खांडेकर, उपसरपंच, भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल, मंडल मंत्री राजेश्वर पटेल,मंडल महामंत्री श्यामलाल पटेल, पंच गण विजय पटेल, संदीप कुर्रे, पवन कुर्रे, कमलदास के साथ ही संस्था के व्याख्याता नरेन्द्र सिंह, राजेंद्र यादव, लक्ष्मीकांत साहू, सहेत्तर बंजारे,तिलोचन देवांगन,कुलदीप केरकेट्टा, अनिता भारती,सोनाली वर्मा,मिथिला साहू,कल्पना राठौर,नितेश राठौर, जयप्रकाश राज,रामनाथ नागेश,भागवत,संतोषी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सन्त समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



लोरमी। अखिल भारतीय सन्त समिति छग प्रांत की बैठक श्रीशिवशनि धाम में आयोजित की गई, जिसमें अनेक विषयों पर विचार विमर्श हुआ एवं कुछ महत्वपूर्ण मुद्दो पर प्रस्ताव पारित किया गया। गौरकापा धाम को असामाजिक लोगों द्वारा मंदिर की प्रतिष्ठा एवं संत महंत विवेक गिरी महाराज की छवि को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा झूठा आरोप लगाकर धूमिल करने का प्रयास को लेकर प्रमुख प्रस्ताव रखा गया। इस विषय पर सन्त समाज ने घोर विरोध करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया। साथ ही सभी प्रकार से सन्त समाज ने विवेक गिरी महराज के साथ देने का वचन दिया गया। कोई भी संत, महंत, पुजारी अपने स्थानों में कर्मचारी नहीं रखेंगे। अक्टूबर माह में संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अनेक संत भारतीय संत समिति की सदस्यता ग्रहण करेंगे। संत समिति ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उत्तराखंड के आपरेशन कालनेमी की तरह छत्तीसगढ़ में भी ऑपरेशन चलाने की मांग सरकार से करने का प्रस्ताव पारित किया। सम्मेलन में सभी सन्तो ने सनातन धर्म बारे अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर सन्त मंहत संरक्षक महंत विवेक गिरी महाराज, महंत नरेंद्र दास राष्ट्रीय मंत्री, अध्यक्ष महंत सर्वेश्वर दास, महामंत्री राधेश्याम दास, महंत राजीव लोचन दास, रामबालक दास महात्यागी, महंत सीताराम दास आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### एस्मा की बैठक में शामिल हुए स्टेशन मास्टर, विधायक अमर से की मांग



**बिलासपुर।** रविवार को एआईएसएमए एस्मा यानि आल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के केन्द्रीय कार्यकारी समिति की बैठक बल्ले-बल्ले रेस्टोरेंट में हुई। इसमें देश भर के सैकड़ों स्टेशन मास्टर शामिल हुए। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ने सभी स्टेशन मास्टर को संबोधित किया। उन्हें स्टेशन मास्टर से संबंधित समस्याओं के संबंध में ज्ञापन दिया गया, जिसपर श्री अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। इस दौरान स्टेशन मास्टरों की समस्या ओपीएस, एडिशनल स्टेशन मास्टर, सभी स्टेशन आफिस में एसी और आरओ जल की व्यवस्था, रात्रि ड्यूटी भत्ता सहित अन्य विषयों पर गहन मंथन किया गया।

### जेल शिक्षिका विवेक सिद्दीकी राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित



**बिलासपुर।** जिला जेल बैकुंठपुर, कोरिया में पदस्थ जेल शिक्षिका विवेक सिद्दीकी को शिक्षक दिवस पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन ठेका द्वारा राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान और जेल में निरंतर समाज सुधार की दिशा में किए जा रहे कार्यों के लिए प्रदान किया गया। यह उपलब्धि विशेष इसलिए भी है क्योंकि छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार किसी जेल शिक्षिका को राज्यपाल द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया है। श्रीमती सिद्दीकी पिछले 16 वर्षों से जिला जेल बैकुंठपुर में कैदियों को शिक्षा प्रदान करने का कठिन एवं साहसिक दायित्व निभा रही हैं।

### प्रेसिडेंट की अधिकारिक यात्रा व शिक्षक दिवस समारोह



**बिलासपुर।** लीनेस क्लब द्वारा आयोजित शिक्षक दिवस पर मुख्य अतिथि मल्टीपल प्रेसिडेंट लीनेस सुमन सिंह एवं अनीता कपूर,मल्टीपल सचिव लीनेस शबाना नाज, पूर्व मल्टीपल अध्यक्ष लीनेस वीना अग्रवाल, सुधा साव, शोभा चाहिल द्वारा शुभारंभ किया गया। क्लब अध्यक्ष गायत्री कश्यप ने स्वागत भाषण दिया एवं सचिव चित्ररेखा कास्कर द्वारा सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें क्लब द्वारा सम्पन्न पिछले आठ माह की गतिविधियों की जानकारी दी गई। शिक्षक दिवस के उपलक्ष में चार शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। क्लब अध्यक्ष गायत्री कश्यप, सचिव चित्रलेखा कांसकार के द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता कपूर द्वारा क्लब के सभी सदस्यों द्वारा जिले में किए जा रहे है। इस कार्यक्रम में सावित्री जायसवाल, मंजू तिवारी, ललिता कश्यप, मंजू शाह, पूर्णिमा मिश्रा, अर्चना तिवारी, रश्मि लता मिश्रा, सुधा परिहार, संजना मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### द्वारिका प्रसाद शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस



**बिलासपुर।** प्रो. राम नारायण शुक्ल द्वारा स्थापित द्वारिका प्रसाद शुक्ल उमा विद्यालय भकुर्रा नवापारा में भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति तथा द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शिक्षक दिवस मनाया गया । इस कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यार्थियों के द्वारा ने माता सरस्वती की छायाचित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर सभी गुरुजनों को तिलक लगाया तथा श्रीफल उपहार स्वरूप प्रदान करके अपने जीवन को धन्य बनाने का आशीर्वाद प्राप्त किए । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राम जी राजपूत ने किया। उन्होंने बच्चों को विकट परिस्थितियों में न घबराते हुए संयम से काम करने के साथ-साथ अनुशासित एवं उदार जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान की । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षकों एवं लगभग 1600 विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

### हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने कहा एयरपोर्ट के लिए जनजागरण जरूरी

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति बिलासा एयरपोर्ट के विस्तार को लेकर केंद्र व राज्य सरकार के रवैया को देखते हुए आंदोलन में बदलाव करने की रणनीति पर विचार कर रही है। अब युवाओं को जोड़कर जन जागरण लाने का निर्णय लिया गया है। समिति द्वारा 10 हजार पर्चे बांटने का लक्ष्य रखा गया है। सदस्यों ने बताया कि लगातार मांग व छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की सख्त हिदायत के बावजूद सेना के कब्जे वाली जमीन का मामला सरकार नहीं निपटा सकी है। जिससे रनवे का विस्तार नहीं हो सकता व 4सी एयरपोर्ट का मामला टलता दिखाई दे रहा है। महज अलायंस एयर एयरलाइन्स कंपनी की सेवा ही जारी है, वहीं एयरलाइन्स कंपनी की अधिकांश विमान मेंटेनेंस के कारण परिचालन से बाहर है। ऐसे में नियमित उड़ान प्रभावित हो रहा है। समिति समिति ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि वह ओपन टेंडर के माध्यम से निजी एयरलाइंस कंपनी आमंत्रित करें लेकिन सरकार का रवैया उदासीन है। सदस्यों ने कहा कि जन जागरण की नई मुहिम में छात्रों, युवाओं, महिलाओं को विशेष रूप से जोड़ा जाएगा। समिति के द्वारा पहले चरण में प्रमुख स्थलों पर पर्चा वितरण,बड़ी रैली की जाएगी।



**बोनस निर्धारण शुरू** — एसईसीएल में एक लाख, एनटीपीसी में 90 हजार, रेलवे में 46 हजार तक मिल सकता है बोनस

# वेतनभोगी की जेब में बोनस से आएंगे 70 करोड़ रुपए, बाजार में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

त्यौहारी सीजन के नजदीक आते ही सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत कर्मियों का बोनस निर्धारण भी शुरू हो गया है। हालांकि अभी किस विभाग में कितना बोनस मिलेगा इसकी घोषणा नहीं की गई लेकिन मिली जानकारी के मुताबिक एसईसीएल ने इस साल अपने कर्मियों को करीब एक लाख रुपए बोनस देने का फैसला किया है। पिछले साल यह राशि 93 हजार 700 रुपए थी तो 2023 में 85 हजार रुपए का बोनस कर्मियों को मिला था।

इसी तरह एनटीपीसी भी अपने कर्मियों को 90 हजार तक का बोनस प्रदान करेगा। रेलवे में 18 हजार रुपए से लेकर 46 हजार रुपए तक का बोनस कर्मचारियों को मिल सकता है। बालको कंपनी अपने नियमित कर्मियों को करीब 1 लाख 31 हजार 1 सौ रुपए बोनस देगी तो सीएसईबी कर्मियों को कंपनी प्रबंधन द्वारा दशहरा, पर्व पर बोनस राशि का वितरण किया जाएगा। सभी



विभागों से मिली जानकारी के मुताबिक संभवतः दशहरा पर्व के पहले सभी जगह के कर्मियों के खाते में बोनस की राशि डाल दी जाएगी। इससे खरीददारी बढ़ने के कारण बाजार में तेजी आने और मार्केट की रौनक भी बढ़ने की की भी उम्मीद व्यापारियों को है। केवल सर्विस सेक्टर यानि वेतनभोगी कर्मचारियों की जेब में ही लगभग 60 से 70 करोड़ रुपए बिलासपुर जिले में आएंगे। अब यदि पड़ोस के जिले कोरबा को जोड़ें उसका प्रभाव भी बिलासपुर मार्केट पर दिखता है। बिलासपुर इसमें केंद्रीय कर्मी, राज्य कर्मी और निजी क्षेत्र के बड़े से लेकर छोटे संस्थान शामिल हैं।

### राज्य सरकार का एरियर

जिले में लगभग 30 हजार शासकीय कर्मचारी हैं, इसमें क्लास वन से लेकर क्लास फोर तक शामिल हैं। एक अनुमान के मुताबिक क्लास वन में दो से ढाई हजार व क्लास टू दो से ढाई हजार कर्मचारी हैं। जबकि क्लास थ्री में 20 से 22 हजार कर्मचारी हैं वहीं क्लास फोर में दो हजार के आसपास कर्मचारी हैं। इस प्रकार यदि राज्य सरकार द्वारा तय एरियर की बात करें तो क्लास वन के लिए 20 हजार से 45 हजार का ऐरियर तय है। क्लास टू के 20 से 30 हजार का ऐरियर व क्लास थ्री के लिए 12 से 18 हजार जबकि क्लास फोर के लिए आठ से 12 हजार का एरियर तय है।

### त्यौहार में होंगे खर्च

स्थानीय अर्थशास्त्र की गणना को देखें तो लगभग 90 प्रतिशत लोग अपने बोनस को त्योहार में कपड़े, गहने, वाहन, रियल स्टेल में खर्च करते हैं। इसमें से कॉमन सेक्टर यह है कि जिसे कम बोनस या एरियर भी मिलता है तो वे कपड़े और गहने में खर्च करता है, जिसे ज्यादा बोनस या ऐरियर मिलेगा वो भी कपड़े और गहने की खरीदी अनिवार्य रूप से करेगा। इस प्रकार कपड़े और गहने व कुछ हद तक इलेक्ट्रानिक आयटम को त्योहार के मद्देनजर कॉमन सेक्टर कहा जा रहा है। वहीं अधिक एरियर या बोनस वाले, वाहन खासकर फोर व्हीलर और रियल स्टेट की ओर मूव करेंगे क्योंकि उनके पास डाउन पेमेंट के लिए एक बेहतर विकल्प एरियर व बोनस के रूप में होता है।

### रेलवे में भी बोनस की रहेगी बहार



बिलासपुर रेलमंडल में यदि सिर्फ बिलासपुर की बात करें तो लगभग सात हजार कर्मचारी हैं। पिछले साल दिवाली बोनस अधिकत 17 हजार के आसपास फिक्स हुआ था। इस बार लेकिन दशहरा से पहले रेलवे कर्मचारी सातवें वेतन आयोग के तहत बोनस की गणना में संशोधन की मांग कर रहे हैं। दरअसल रेलवे में न्यूनतम मासिक वेतन 18,000 रुपए है। इसके परिणामस्वरूप, 78 दिन का बोनस 17,951 रुपए होता है। कर्मचारी लेकिन इससे संतुष्ट नहीं है। न्यूनतम वेतन 18,000 के आधार पर 78-दिन का बोनस 46,159 होना चाहिए और इसी की मांग की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक भारतीय रेलवे के सभी कैटेगरी के कर्मचारियों को बोनस का फायदा होगा। इसमें ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, ग्रुप सी स्टाफ, प्वाइंट्स मैन, मिनिस्ट्रियल स्टाफ आदि शमिल हैं।

### एनटीपीसी में 5 करोड़ बोनस का अनुमान

केंद्रीय संस्थान एनटीपीसी में चार से पांच करोड़ बोनस का अनुमान है। जो जानकारी सामने आ रही है उसके अनुसार यहां आठ सौ से साढ़े आठ सौ कर्मचारी अधिकारी हैं। दो वर्ग है इनका ऐसे में बोनस की लगभग राशि तीस से 35 और 80 से 85 हजार होती है। जो अनुमान है उसके अनुसार ये चार से पांच करोड़ तक पहुंचता है। इनमें से अधिकांश पैसा बिलासपुर मार्केट में ही आएगा इस बात की पूरी उम्मीद है।



### एसईसीएल कर्मचारियों में चर्चा शुरू

कोयला उद्योग में अब त्योहारी बोनस को लेकर कोयला कर्मचारियों के बीच चर्चा शुरू हो गई है। कोल इंडिया में बोनस डिसाइड करने के लिए 23 सितंबर को बैठक होनी है। ध्यान रहे कि एसईसीएल में करीब 35 हजार कर्मचारी हैं जिनको बोनस मिलेगा। कुछ दिनों पहले कोरबा दौरे पर पहुंचे बीएमएस के राष्ट्रीय कोल प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी ने भी कहा था कि वे इस बारे कोयला कर्मचारियों को बीते वर्ष की अपेक्षा ज्यादा बोनस दिला सकें इसके लिए कोशिश होगी।



मारुति की स्विफ्ट डिजाइर से लेकर वेगन आर और हुंडई की क्रेटा भी कम में मिलेगी

# नवरात्रि पर आटोमोबाइल सेक्टर में आएगा बूम 60 से 90 हजार तक कम होंगे 4 व्हीलर्स के दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

22 सितंबर से सभी लोग नवरात्रि का पावन त्योहार मनाना शुरू करेंगे, लेकिन जश्न मनाने का एक और कारण फोर व्हीलर्स की कीमतों में कमी भी हो गी । मारूति की स्विफ्ट डिजाइर 70 हजार रुपए तक कम में मिलेगी। यह बदलाव सिर्फ मध्यम आकार की कारों तक ही सीमित नहीं है। मर्सीडीज-बेंज, ऑडी और बीएमडब्ल्यू जैसे लग्जरी ब्रांड के खरीदारों को भी इस नई कर नीति से फायदा होगा। पहले इन महंगी गाड़ियों पर 28 प्रतिशत जीएसटी के साथ 22 प्रतिशत तक का सेस लगता था, जिससे कुल टैक्स 50 प्रतिशत के करीब पहुंच जाता था। अब सेस पूरी तरह हटा दिया गया है। इन गाड़ियों पर कुल 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा तो कीमतों में 10 प्रतिशत तक कमी होगी। ज्ञात हो कि पुरानी व्यवस्था में 1200 सीसी से अधिक के पेट्रोल इंजन और 1500 सीसी से अधिक के डीजल इंजन वाली कारों पर 28% जीएसटी के साथ-साथ 17-22% का भारी-भरकम मुआवजा उपकर (सेस) भी लगता था। इस तरह कुल कर भार 45-50% तक पहुंच जाता था। नई व्यवस्था में इस उपकर को पूरी तरह से हटा दिया गया है। अब खरीदारों को केवल एक फ्लैट 40% जीएसटी देना होगा, जो पहले के कुल कर भार से काफी कम है। हुंडई की क्रेटा, टोयटा की एनोवा और हाइक्रास जैसी गाड़ियों में पहले लगभग 48-50% टैक्स लगता था, अब 40% के नए रेट से यह गाड़ियां सस्ती हो जाएंगी। प्रीमियम सेगमेंट की कारें भी सस्ती होंगी।



### ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री और ग्राहकों को बड़ा लाभ



आशीष खेड़िया

सत्या आटोमोबाइल के संचालक आशीष खेड़िया के मुताबिक जिन कारों की लंबाई चार मीटर से कम है, उनकी कीमतें कम होंगी। जिन पेट्रोल कारों का इंजन 1200 सीसी तक है, लेकिन मिलते है उनकी कीमतों में भी गिरावट आएगी। इनमें मारुति की बलेनो, डिजायर, ऑल्टो, वैगन-आर जैसी कारें शामिल हैं। टाटा की पंच, टियागो, नैक्सॉन और दूसरे वाहन शामिल हैं। श्री खेड़िया के अनुसार बलेनो, डिजायर और वैगन-आर जैसी कारों पर 60 से 80 हजार रुपए तक की बचत होगी। फोक्सवैगन वर्टस, महिंद्रा थार रॉक्स आदि जैसी कारें भी सस्ती होंगी। श्री खेड़िया के अनुसार कार, बाइक, बस, ट्रैक्टर से लेकर कारों पर जीएसटी की दर कम होने से ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री और ग्राहकों को बड़ा लाभ होगा, इससे सभी सेक्शन में कीमतें 8.5 प्रतिशत तक की कमी आएगी। उन्होंने बताया कि जीएसटी काउंसिल ने ऑटो सेक्टर के प्रोडक्ट्स को 5, 18 और 40 फीसदी के तीन स्लैब में रखा है।

### इस तरह का स्लैब होगा लागू

- 4-मीटर से ज़्यादा लंबी सभी कारों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है।
- सेस, जो पहले 15 प्रतिशत से 22 प्रतिशत तक था, पूरी तरह से हटा दिया गया है
- सेस हटने से 4 व्हीलर्स की कीमतों में कमी आएगी।



### इस तरह सस्ती होंगी चार पहिया

- एसूयवी के नाम से पॉपुलर पैसेंजर व्हीकल्स (4-मीटर से ज्यादा लंबी, 1500 सीसी से ज्यादा कैपेसिटी वाला इंजन और 170 मिलीमीटर से ज्यादा ग्राउंड क्लीयरेंस) वाली गाड़ियों में 12 प्रतिशत जीएसटी का अंतर आएगा। इसमें टाटा सफारी, महिंद्रा थार रॉक्स, महिंद्रा एक्सयूवी 700, महिंद्रा स्कॉर्पियो और स्कॉर्पियो एन, टाटा हैरियर, टोयोटा फॉर्च्यूनर, एमजी ग्लोस्टर, जीप मेरिडियन जैसी गाड़ियां शामिल हैं।
- 1500 सीसी से ज़्यादा इंजन और 4-मीटर से लंबे हाइब्रिड पैसेंजर व्हीकल्स जो लंबाई और ग्राउंड क्लीयरेंस के मानदंडों के अंतर्गत नहीं आती हो, उसे 8 प्रतिशत की टैक्स बचत मिलेगी। इसमें टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस हाइब्रिड, होंडा सिटी हाइब्रिड, मारुति ग्रैंड विटारा हाइब्रिड, टोयोटा हाइराइडर हाइब्रिड, मारुति इनविक्टो हाइब्रिड शामिल हैं।
- 4 मीटर से लंबे व्हीकल्स और 1500 सीसी तक के इंजन वाली गाड़ियों पर 12 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इसमें हुंडई क्रेटा, हुंडई वरना, किआ सेल्टोस, फोक्सवैगन वर्टस, स्कोडा स्लाविया, होंडा एलिवेट, फोक्सवैगन टाइगन, स्कोडा कुशाक, एमजी एस्टर शामिल हैं। इन सभी मामलों में, सेस हटा दिया गया है और जीएसटी 40 प्रतिशत कर दिया गया है। इसका मतलब है कि आपकी पसंद की कार के प्रकार के आधार पर बचत 3 से 10 प्रतिशत तक होगी।

### इसलिए कम होगी गाड़ियों की कीमत

दरअसल जब भी लोग कोई कार खरीदते थे, तो उसकी एक्स-शोरूम कीमत में पहले से ही जीएसटी और सेस शामिल होता था। यह कर कार की फ़ैक्टरी कीमत पर लगाए जाते थे, और इन्हें जोड़ने पर एक्स-शोरूम कीमत बनती थी। नए जीएसटी सुधारों के साथ, कई ऑटो पार्ट्स और कंपोनेंट्स पर टैक्स की दर भी कम कर दी गई है। इस कमी से वाहनों की कुल उत्पादन लागत कम हो सकती है, जिससे उनकी फ़ैक्टरी कीमत भी कम हो सकती है। इन सबके अलावा, चूंकि इन टैक्स कटौती के कारण कार की एक्स-शोरूम कीमत कम हो जाएगी, इसलिए आरटीओ टैक्स (जिसकी गणना एक्स-शोरूम कीमत पर की जाती है) भी कम होगा, जिसके परिणामस्वरूप ऑन-रोड कीमत और भी कम हो जाएगी।

# 140 करोड़ जनता को दिवाली का तोहफाः साव




**बिलासपुर।** जीएसटी काउंसिल द्वारा 12 प्रतिशत व 28 प्रतिशत स्लैब को पूरी तरह समाप्त करने व सिर्फ 5 प्रतिशत व 18 प्रतिशत स्लैब ही लागू रखे जाने के फैसले को उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने देश की 140 करोड़ जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिवाली का उपहार बताया है। इस फैसले के बाद जनता को घर बनाने से लेकर घर चलाने तक में लाभ मिलेगा। श्री साव ने इसे प्रधानमंत्री द्वारा विकसित भारत के निर्माण की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक व दूरदर्शी निर्णय बताया है।

■ **उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा घर बनाने से लेकर घर चलाने तक होगा लाभ**

सर्किट हाउस में रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि जीएसटी में किया गया यह बदलाव देश की अर्थव्यवस्था एवं व्यापार जगत को लाभ पहुंचाने वाला होगा। बदलाव के बाद कृषि क्षेत्र में अब केवल 5 प्रतिशत जीएसटी प्रभावशील रहेगी, जिससे किसानों को कृषि उपकरणों की खरीदी में भारी लाभ मिलेगा। इसी तरह सीमेंट व घरेलू सामग्रियों की खरीदी भी सस्ती व आसान हो जाएगी, जिससे जनता को घर बनाने से लेकर घर चलाने तक में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस बदलाव के बाद दुपहिया व छोटे चारपहिया वाहनों की दरों में भी कमी आ जाएगी। इसी तरह स्वास्थ्य बीमा एवं व्यक्तिगत जीवन बीमा सस्ता होगा, जिसका लाभ आम जनता को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2017 में एक देश, एक कर प्रणाली लागू करते हुए जीएसटी लाया गया था। इस बदलाव को कांग्रेस द्वारा आड़े हाथों लिए जाने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि इस विषय पर कांग्रेस का बयान कोई मायने नहीं रखता क्योंकि 22 सितंबर के बाद देश की जनता को क्या लाभ मिल रहा है यह सबको दिखाई देने लगेगा। जीएसटी के दो स्लैब कम कर दिए जाने के बाद राज्य सरकारों को आर्थिक नुकसान होने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों को भी कोई नुकसान न हो इसके लिए भी प्रावधान किए गए हैं,जो आने वाले समय में दिखाई देने लगेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक व बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## शिक्षक संघ मिला बिल्हा विधायक और डिप्टी सीएम से



**बिलासपुर।** बुनियादी शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के रूप में उन्नयन करने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी छत्तीसगढ़ रायपुर ने पिछले समय शासन को प्रस्ताव भेजा था। जिसे विधानसभा में पारित कर दिया गया। अब राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद रायपुर ने छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग को संस्था के विधिवत संचालन करने पद संरचना का प्रस्ताव वित्त विभाग एवं शासन के समक्ष प्रस्तुत किया है ।

वित्तीय स्वीकृति में विलंब होता देख छग शिक्षक संघ बिलासपुर इकाई द्वारा विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक से मिलकर उन्हें स्थिति से अवगत कराया। उनसे निवेदन किया कि जल्द से जल्द वित्त विभाग से स्वीकृति लेकर स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आदेश प्रसारित किया जाए, जिससे कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर का संचालन जल्द से जल्द हो सके । प्रतिनिधि मंडल उक्त विषय को लेकर छग के उप मुख्यमंत्री अरुण साव से शीघ्र ही जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर को उन्नयन का आदेश जारी कराने का अनुरोध किया। बी टी आई बिलासपुर को डायट के रूप में प्रारंभ होने से प्रशिक्षण हेतु बिलासपुर एवं मुंगेली जिले के शिक्षक गौरेला, पेंड्रा , मरवाही जाने की परेशानी से बचेंगे। साथ ही समय की बचत भी होगी और शासन के टी ए डी ए की भी बचत होगी। विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक तथा उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि जल्द संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर से जल्द आदेश जारी कराया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में डॉ अशोक कुमार गुप्ता, राजेंद्र श्रीवास, संतोष तिवारी, जय प्रसाद ध्रुव, राजेश कश्यप, अनिल गौरहा, शिवकुमार श्रीवास, दिलीप शर्मा आदि शामिल थे।

## सेनानी कालीचरण की पुण्यतिथि पर सेनानियों ने दी श्रद्धांजलि



**बिलासपुर ।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन द्वारा रविवार को नगर के महान क्रांतिकारी राष्ट्र चेतना के ध्वज वाहक स्व पं कालीचरण तिवारी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। संरक्षक ई रमेंद्र राव बाबा, संगठन की अध्यक्ष डॉ शकुंतला जितपुरे, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, इंदर टहलियानी, शिवनाथ श्रीवास ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की ।

कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने बताया कि आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. कालीचरण तिवारी की 40 वीं पुण्यतिथी उनकी बेटी प्रतिमा रामशंकर शुक्ला के यहां मनाई गई। उन्होंने बतलाया आगामी 25, 26 अक्टूबर को सेनानी उत्तराधिकारियों का राष्ट्रीय अधिवेशन अमृतसर में आयोजित होगा। डॉ शिव नाथ श्रीवास, प्रतिमा रमाशंकर शुक्ला, डॉ उषा किरण बाजपेयी, इंदर टहलियानी, अशोक तिवारी, सोनम मनीष साहू, डॉ शकुंतला जितपुरे, बाबा राव, डॉ शिवनाथ श्रीवास, रमेश श्रीवास, डॉ रश्मि बाजपेयी ने भी अपने अपने विचारों से उत्तराधिकारी परिवार जनो को अन्य राज्यों में प्राप्त सुविधाओं के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य के लिए विमर्श किया। नगर विधायक अमर अग्रवाल के प्रयास से नगर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के स्मरण में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन लेख एवं नाम पट्टिका लगाना, स्माट कार पार्किंग का नाम स्व पं गंगा प्रसाद बाजपेयी के नाम सुनिश्चित करने की घोषणा का सभी उत्तराधिकारियों ने हर्ष ध्वनि से स्वागत किया।

## विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर वॉक, बीपी शुगर की जांच



**बिलासपुर।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ़ फिजियोथैरेपिस्ट नगर शाखा द्वारा विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता आईएपी छत्तीसगढ़ अध्यक्ष डॉ प्रशांत चक्रवर्ती ने की। मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी, विशिष्ट अतिथि लाफ्टर क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, बीके स्वाति दीदी रहीं।

कार्यक्रम का संचालन आर जे विशाल ने किया । इसमें दिव्य गूंजन साहू ने उम्र के हिसाब से सेहत मंद रहने के लिए जरूरी जानकारी दी गई । तत्पश्चात फिजियोथैरेपिस्ट लाफ्टर क्लब के सदस्य वरिष्ठ नागरिक संघ के सदस्य ने मिलकर रिवर व्यू रोड पर वाक किया । इसमें सभी के लिए निःशुल्क बीपी शुगर जांच की सुविधा दी गई थी। सभी प्रतिभागियों के मध्य लकी ड्रॉ करकर पुरस्कार वितरित किया गया । आयोजन का उद्देश्य विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर शहर के लिए एक जागरूकता भरा आयोजन करना था। इसे सफल बनाने में आई ए पी बिलासपुर अध्यक्ष डॉ उमेश भुवने, अपोलो हॉस्पिटल से डॉ विक्रम साहू, डॉ पीयूष पांडे, डॉ रूहुल आमीन, डॉ आशुतोष शर्मा, डॉ कृष्ण मिश्रा का योगदान रहा । आई ए पी की महिला प्रकोष्ठ से डॉ गरिमा तिवारी, जिला सह संयोजक डॉ नेहा द्विवेदी, डॉ अमी मिश्रा, डॉ शिखा सिंह , डॉ खुशबू, डॉ निकिता, डॉ दिव्या , डॉ हारवीन आदि मौजूद थीं।

## खबर संक्षेप

### उधारी में लेनदेन नहीं करने पर ग्राहक से मारपीट

**तखतपुर।** उधारी लेनदेन नहीं करने के विवाद पर दुकानदार ने ग्राहक के साथ मारपीट की। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम जरौंधा में किशन डाहिरे किराना दुकान संचालित करता है जिसकी दुकान में बिती रात को रमाकांत मेहर समान लेने गया था रमाकांत मेहर ने दुकानदार से 150 रूपए का अण्डा उधारी में मांगा तो दुकानदार ने अण्डा उधारी में देने से मना कर दिया जिस पर ग्राहक ने कहा कि मैं तुम्हें दो दिन में उसका पैसा दे दूंगा इस बात पर दुकानदार ने मेरे को उधारी में अण्डा नहीं देता है कहकर गाली गलौज करने लगा मना करने पर दुकान से बाहर आकर किशन डाहिरे और कृपेश डाहिरे ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115.2 296,3.5 351.2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### अधिक आवाज में बज रहे तीन डीजे जब्त



**तखतपुर।** गणेश विसर्जन के समय डीजे बजाने वाले तीन डीजे संचालकों पर पुलिस ने धारा 15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने गणेश विसर्जन के समय ग्राम पचबहरा, केकती, देवा में डीजे बजाने की शिकायत पर थाना प्रभारी अनिल अग्रवाल ने अत्यधिक आवाज में बज रहे तीन डीजे संचालकों पाली निवासी दीपक ध्रुव पिता रूप सिंह ध्रुव उम्र 35 वर्ष, ग्राम चिकलदहा निवासी बसंत साहू पिता बलदेव साहू उम्र 24 वर्ष, नवागांव निवासी उमेश कुमार धुरी पिता लच्छी राम उम्र 27 वर्ष से साउण्ड बाक्स, वाहन, एम्पीफायर सहित अन्य समान की जब्त की और पुलिस ने छत्तीसगढ़ कोलाहल अधिनियम 15 के तहत कार्रवाई की गई।

### बिक्री के लिए अवैध रूप से रखी शराब जब्त

**तखतपुर।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले युवक पर पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भरत पाली उर्फ पिता शोभित राम पाली उम्र 22 वर्ष निवासी चुलघट के द्वारा गांव में कच्ची महुआ शराब अवैध रूप से बेची जा रही थी पुलिस ने युवक के पास से 11 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त करते हुए आबकारी अधिनियम की धारा 34.2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## निधन

### दयावती शास्त्री



**बिलासपुर।** बैमा निवासी स्व. छोटेलाल शास्त्री की पत्नी दयावती शास्त्री का 7 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बैमा में 8 सितंबर को सुबह 10 बजे होगा। वे रमेश, सुरेश, रविचंद्र,उमेश की माता थीं।

### आराध्या पाण्डेय



**बिलासपुर।** ग्राम मोहतराई निवासी आराध्या पाण्डेय का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 सितंबर को उनके गृह ग्राम मोहतराई में किया गया। वे उमेश्वर पाण्डेय की सुपुत्री थीं।

### आशा मिश्रा



**बिलासपुर।** मंगला भाटिया रेसीडेंसी ए- 112 निवासी आशा मिश्रा का 7 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम बिहार में किया जाएगा। वे ललित मोहन मिश्रा की पत्नी थीं। वे अपने पीछे एक पुत्र और दो पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

### कमला प्रसाद सिंह



**बिलासपुर।** राजीव विहार निवासी कमला प्रसाद सिंह का 6 सितंबर को निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 8 सितंबर को सुबह 9 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संगीता और संदीपा सिंह के पिता, अजीत कुमार और अरुण कुमार के चाचा थे।

### रेणु बाला मसीह



**बिलासपुर।** बंगालपारा निवासी रेणु बाला मसीह (रेखा) का 7 सितंबर को निधन हो गया। वे 69 वर्ष की थीं।उनका अंतिम संस्कार प्रभु की वाटिका में 8 सितम्बर को दोपहर 12 बजे होगा। वे अरुण मसीह की पत्नी थीं।

---

# सपनों को अपने थैले में लेकर चलें विद्यार्थी

### गंगा देवी पब्लिक स्कूल में मना शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

मां गंगा देवी पब्लिक स्कूल बोड़तरा कला में शिक्षक दिवस एवं गणेश विसर्जन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 20 छात्र-छात्राएं एक दिन के लिए शिक्षक बने और सभी कक्षाओं का संचालन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान किया गया। जिसमें उन बच्चों के अंदर छिपी श्रेष्ठ प्रतिभा को निखारने के लिए संस्था द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार कक्षा 11 से कुमारी जमनी कुर्रे, द्वितीय पुरस्कार कक्षा 10 से किशन कुमार साहू और तृतीय पुरस्कार कक्षा 11 से कुमारी ओमकुमारी सोनवानी ने प्राप्त किया । और सभी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।



शिक्षक दिवस कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व अतिथि।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन जी, मां सरस्वती देवी की वंदना से हुई। बच्चों ने स्वयं मंच का संचालन किया और सभी शिक्षकों को तिलक नारियल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक तुलाराम साहू ने आशीर्वाद स्वरूप ₹अपने सपनों को अपने थैले में लेकर चलें₹ विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आप जो थैला घर से लेकर आते हैं उसमें आपके माता, पिता, गुरुजनों और स्वयं के हजारों-लाखों सपने होते हैं। जिन्हें आपको पूरा करना है और इन सपनों को पूरा करने में हम सदैव आपकी मदद करेंगे। यही हम शिक्षकों का कर्तव्य है। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र पाठे ने भी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप सभी एक दिन के लिए शिक्षक बनें, मैं चाहता हूं कि आप सभी छात्र-छात्राएं सदैव शिक्षक बनकर एक सभ्य समाज का निर्माण करें । जो अच्छे, नैतिक मूल्यों को जीवित रखे, यही मेरी और मेरे पूरे स्टाफ की ओर से आप सभी की शुभकामनायें। इसके साथ ही विद्यालय प्रबंधक द्वारा नवनियुक्त छात्रसंघ पदाधिकारियों को बैज लगाकर शपथ दिलाई गई। उनके कार्यों की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई। इसके साथ ही विद्यालय परिवार में गणेशजी की मूर्ति की स्थापना भी की गई थी जिसका विसर्जन बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। विसर्जन कार्यक्रम को सुजल धमाल ने और भी सुन्दर बना दिया, जिसने सभी गणमान्यों को भक्ति से भर दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक तुलाराम साहू, प्राचार्य जीतेन्द्र पाठे, उपप्राचार्य लालाराम घृतलहरे एवं श्रीमती लक्ष्मीन यादव, सुरेशचंद्र नंदा, श्रीमती सुमति नंदा, राजेश घृतलहरे, दिलेश्वर पात्रे, हेमराम चंद्राकर, त्रिलोकी साहू, नीलेश जयसवाल, विजय जयसवाल, दीपक विश्वकर्मा सर, सूरज साहू, सुश्री इष्टमी ओगरे, हमेश्वरी रात्रे अतिथियों की उपस्थिति में संगीता मानिकपुरी, प्रीति डांडिया, चंद्र कुमार महिलांग, झूलाराम साहू, मनोज यादव, लुकेश्वर यादव, राजेश साहू, श्री सेवक राम पटेल, भृगु साहू, पंकज साहू, अनिल साहू, विजय निषाद, सुरजीत भास्कर, रोशन साहू, सी पी पुरैना, अरुण बघेल, धर्मेंद्र साहू, हरमेंद्र रात्रे, मन्नू शामिल थे। निषाद, होलिका रात्रे, सुश्री पूनम कटेले, स्वाति दिवाकर, लक्ष्मी ठाकुर, लकेश्वरी पात्रे, सतीश यादव, प्रांशु जयसवाल, लालू यादव, रवि, श्री चेलकर, हरमन देवप्रसाद साहू भी उपस्थित थे।

## आज भी चली आ रही है गुरु-शिष्य की परंपरा

**तखतपुर।** नव जागृति उच्चतर माध्यमिक शाला में सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के सम्मान के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

कार्यक्रम के शुभारंभ में ही संस्था की प्राचार्य एवं संस्थापिका एसपी सैमुएल संस्था प्रभारी समित सैमुएल एवं आइरिस बरखा सैमुएल और समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन ज्योतिर्बा फुले एवं सावित्रीबाई फुले के चित्र पर तिलक लगाकर माल्यार्पण करके किया गया। प्राचार्य एसपी सामुएल ने कहा कि कोई भी खेल हार या जीत की भावना से ना खेलते हुए केवल एक मनोरंजन के उद्देश्य से खेलना चाहिए साथ ही उन्होंने सर्वपल्ली डॉक्टर राधा कृष्णन के जीवनी का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि ₹इन्हीं के बदौलत आज गुरु शिष्य सम्मान की जो परंपरा है वह चलते ही आ रही है₹ इसके लिए समस्त शिक्षक हम इनका सदैव ऋणी रहेंगे। साथ ही ज्योतिर्बा फूले और सावित्रीबाई फुले के विषय में इन्होंने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि महिला शिक्षा की अलख जगाने वाली प्रथम महिला सावित्रीबाई फुले हैं जिनके अथक प्रयास से ही आज महिलाएं शिक्षित होकर जल ,थल, वायु सभी जगह अपने यश का परचम लहरा रही है। धरती से लेकर आसमान तक को छूने की परंपरा केवल पुरुषों में थी वह अब झूठ प्रतीत होते जा रही है क्योंकि यह काम केवल पुरुष वर्ग नहीं बल्कि महिलाएं भी करते चले आ रही है। इस बात के लिए हम सदैव उनके आभारी रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में विजेता शिक्षको को संस्था की प्राचार्य द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शाला नायिका कुमारी मीनाक्षी कश्यप सह शाला नायिका नंदिनी साहू के द्वारा किया गया, जिसमें समीर कश्यप ,सार्थक दास, हर्षित मानिकपुरी ,आदर्श एवं आदित्य खांडे ,शुभम गोस्वामी ,खुशी कश्यप, पुष्पांजलि कश्यप, सत्यजीत साहू, प्रशांत कश्यप, उत्कर्ष जायसवाल, मयंक यादव, अनुराग साहू, दिव्य साहू , संस्कार साहू , आयुष कश्यप ,धनंजय मीरे, जोया परवीन, अनुपमा साहू, श्रेया साहू,नीलम श्रीवास, रागिनी यादव, सौम्या देवांगन,तान्या गढ़कर, आफरीन बानो, मिष्ठी शर्मा वर्षा यादव, रुचि साहू ओमी कश्यप,शाला समिति के समस्त पदाधिकारी की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों और बच्चों का आभार व्यक्त करते हुए शाला नायिका द्वारा कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

## विद्यार्थियों का सही मार्गदर्शन ही शिक्षक का ध्येय

**सीपत।** जेडी कान्वेंट स्कूल मचखण्डा में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने प्रिय शिक्षकों का सम्मान करते हुए उन्हें उपहार भेंट किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसे देखकर उपस्थितजनों ने खूब सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद रजक ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं। शिक्षा से ही विद्यार्थी जीवन में आगे



बढ़कर अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करते हैं। शिक्षण केवल एक पेशा नहीं बल्कि एक पुनीत सेवा है। हमारा प्रयास सदैव यही रहेगा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कारों की भी शिक्षा मिले, ताकि वे आदर्श नागरिक बन सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने गुरुजनों का सम्मान करें और जीवन में मेहनत व अनुशासन को अपनाकर सफलता की ऊंचाइयों को छुएं। कार्यक्रम में स्कूली स्टाफ के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे और उन्होंने पूरे उत्साह के साथ शिक्षक दिवस का आनंद लिया।

---

# विधायक सुशांत के प्रयासों से करोड़ों के विकास कार्यों की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विधायक सुशांत शुक्ला ने अपने विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए शासन से लगभग 20 करोड़ के कार्य को स्वीकृति दिलाने में एक बार फिर से सफलता प्राप्त की है जिसमें सड़क, गौरव पथ जलाशयों एवं एनीकट के मरम्मत और महतारी सदन जैसे जनहित के कार्य शामिल हैं।

किसानों की फसलों को पर्याप्त जल आपूर्ति हो और गांवों में निस्तारी हेतु जल के महत्वपूर्ण श्रोतों को संरक्षित करने के ध्येय से विधायक सुशांत शुक्ला की अनुशंसा पर जलसंसाधन विभाग द्वारा अकलतरी जलाशय का जीर्णोद्धार किया जाएगा जिसके लिए राज्य सरकार ने 288.56 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। इसी कड़ी में लखराम एनिकट मरम्मत के लिए 223.55 लाख रुपए के प्रावधान किए गए हैं। ग्रामीण महिलाओं को स्वालंबन की दिशा में प्रोत्साहित करने और उनके सामाजिक सरोकार व नेतृत्व क्षमता को निखारने के लिहाज से ग्राम पंचायत गोदईया और नेवसा में लगभग 60 लाख की राशि से महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। ग्राम पंचायत लगरा में 50 लाख की लागत से गौरव पथ का निर्माण होगा जिसमें सड़कों के दोनों ओर नालियां भी प्रावधान किए गए हैं जाएंगी विधायक सुशांत शुक्ला ने गांवों को आपस में जोड़ने वाले सड़कों को अपनी प्राथमिकता सूची में प्रमुखता से स्थान दिया है। वे में लंबे समय से उपेक्षित सड़कों को सूचीबद्ध कर उनके नव निर्माण की दिशा में योजनाबद्ध काम कर रहे हैं और जिसके प्रतिफल स्वरूप छत्तीसगढ़ शासन ने बेलतरा विधानसभा के भरदईया डीह से कलमीटार पहुंच मार्ग हेतु 289 लाख,सीपत बाड़ी मार्ग हेतु 132.36 लाख और बेलतरा भदरा भांठा मार्ग हेतु 272.25 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है बेलतरा विधानसभा में तरफ ग्रामीण क्षेत्रों के आवागमन सहित सिंचाई व सांस्कृतिक पहलुओं को ध्यान में रख कर विकास कार्यों का क्रियान्वयन किया जा रहा है वहीं शहरी क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी ना हो इस बात का भी ख्याल रखा जा रहा विधायक शुक्ला अपने क्षेत्रांतर्गत आने वाले शहर वार्डों को लक्ष्य कर एक रोड मैप पर कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में उन्होंने नगरोत्थान योजनांतर्गत कुछ प्रमुख कार्यों को मंजूरी दिलाने में सफलता प्राप्त की है जिसमें 525.93 लाख रुपए की राशि से मोपका चौक से छठघाट तक जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण और विद्युतीकरण के कार्य किए जाएंगे, बिलासपुर नगर निगम जोन क्रमांक 07 में 169.52 लाख रुपए की राशि से विभिन्न गलियों पर सी सी रोड निर्माण के कार्य होंगे।



# निजी खर्च से सड़क पर बने गड्ढों की फिलिंग करा रहे वरिष्ठ नागरिक

**मुंगेली।** नगर एवं क्षेत्र की जर्जर तथा गड्ढेयुक्त सड़क की स्थिति देखकर एक आम नागरिक अपने व्यक्तिगत खर्च से गड्ढेयुक्त सड़कों की सीमेंट कांक्रीट से मरम्मत करने के लिए जुटा हुआ है। वाहन में सीमेंट, रेती, गिट्टी एवं मिस्त्री तथा कूली लेकर चल रहे वरिष्ठ नागरिक सड़कों में गड्ढों के पास खड़ा होकर मरम्मत कराते देख नगरवासी मरम्मत कराने वाले नागरिक की खुले दिल से प्रशंसा कर रहे हैं।



सड़क पर बने गड्ढे की मरम्मत करते मजदूर।

लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका परिषद जहां करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का दावा करती है, वहीं नगर की जर्जर सड़कों का हाल देखकर नागरिकों में नाराजगी साफ झलक रही है। स्थिति यह है कि नगर पालिका परिषद एवं पीडब्ल्यूडी जिन सड़कों का निर्माण कराकर भूल गई है, उन्हीं सड़कों के गड्ढों की मरम्मत अब आम नागरिक अपने व्यक्तिगत खर्च से कराने में जुटे हुए हैं। एक वरिष्ठ नागरिक नगर एवं क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर फैले गड्ढों की मरम्मत का बीड़ा उठाया है। इस कार्य में लगे राज मिस्त्री महादेव खांडे ने बताया कि मरम्मत कार्य का पूरा खर्च वरिष्ठ नागरिक स्वयं उठा रहे हैं। अब तक रामानुज देवांगन द्वार से गोलबाजार, बड़ा बाजार से लेकर पुलपारा तक की सड़कों पर रिपेयरिंग की जा चुकी है। इसके अलावा खर्राघाट मार्ग और लोरमी बाईपास पुल पर बने खतरनाक गड्ढों को भी पाटकर सीमेंट कांक्रीटीकरण से मरम्मत कर आवागमन सुगम बनाया गया है। नगरवासियों का कहना है कि नगर पालिका परिषद एवं लोक निर्माण विभाग को जो जिम्मेदारी निभानी चाहिए थी, उसे एक आम नागरिक ने अपने दम पर पूरा करने में लगा हुआ है। लोगों ने वरिष्ठ नागरिक के इस प्रयास की सराहना करते नहीं थक रहे हैं और इसे समाज के लिए अनुकरणीय कार्य बता रहे हैं। जहां एक ओर नगरवासी अपने व्यक्तिगत खर्च से मरम्मत कराने वाले नागरिक की खुले दिल से प्रशंसा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नगर पालिका एवं लोक निर्माण विभाग की निष्क्रियता पर नाराजगी भी जाहिर कर रहे हैं।

# शिविर में 20 लोगों ने की नेत्रदान की घोषणा

**मुंगेली।** नेत्रदान पखवाड़ा के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पदमपुर में नेत्रदान शिविर का आयोजन कर 55 लोगों की आंख की जांच कर उन्हें नेत्र सुरक्षा, नेत्र जांच और नेत्रदान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इसके साथ ही आवश्यक दवाइयां व चश्मा वितरित किया गया। इस अवसर पर 20 लोगों ने नेत्रदान करने की घोषणा की।





नेत्रदान पखवाड़ा में चिकित्सकीय स्टाफ।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पदमपुर में आयोजित नेत्रदान पखवाड़ा में लोगो का उत्साह दिखा। लगभग 60 मरीजों ने पखवाडा में उपस्थिति दी अपना स्वास्थ्य जांच कराया और उन्हें दवाई के साथ 7 लोगो को चश्मा दिया गया। नेत्रदान पखवाड़ा को संबोधित करते हुए डां. मनीष बंजारा ने कहा कि आंखों को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक आहार लें, धूम्रपान से बचें, सूरज की हानिकारक किरणों से आंखों की सुरक्षा के लिए चश्मा पहनें, स्क्रीन पर काम करते समय 20-20-20 नियम का पालन करें, पर्याप्त नींद लें और तकलीफ होने पर नियमित रूप से नेत्र चिकित्सक से आंखों की जांच कराएं। दूसरों की अंधकारमय दुनिया को रोशन करने के लिए राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा की स्थापना स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 1985 में आरंभ हुई थी। तब से राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा हर साल 25 अगस्त से 8 सितंबर तक मनाया जाता है। इस अभियान का उद्देश्य जागरूकता पैदा करना और नेत्रदान को बढ़ावा देना है। ताकि रोशनी विहिन ऑखों को रोशन किया जा सके। नेत्रदान पखवाडा का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डां. शीला शाहा, डी.पी.एम. गिरीश कुर्रे व नोडल अधिकारी डां. देवेश खाण्डे के निर्देश एवं मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर गोविंद मोहले जनपद सदस्य, आशीष जायसवाल, मिश्री खांडे रिटायर्ड आर्मी, टोपेश साहू सचिव, संजय जायसवाल, वेद प्रकाश खांडे, अमन साहू, वेद प्रकाश खांडे, फेकू मिरि, अतुल जायसवाल, किशोर कुंभकार नेत्र सहायक, सीमा पहारी, मिथलेश राठौर, किशोर उइके नेत्र सहायक, सुनीता मिरि, सुधा लक्ष्मी गंधर्व, दिवाकर साहू, मोनिका जांगड़े, जलेश्वरी, ललिता साहू उपस्थित थे।

## किसानों की फसलों को हाथियों ने किया बर्बाद

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के केंदई व एतमानगर रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। शनिवार की रात 26 हाथियों का दल केंदई रेंज के ग्राम फुलसर व रोदे गांव के 17 से अधिक किसानों के धान की फसल को नुकसान कर दिया है। वहीं रातभर ग्रामीण रतजग्गा करते रहे। हाथियों का दल एक के बाद एक खेत के फसल को रौंदते हुए नुकसान पहुंचाया है। प्रभावित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गया है। हाथियों द्वारा क्षेत्र में लगातार उत्पात मचाए जाने तथा फसलों को रौंदे जाने से ग्रामीण परेशान हैं। उन्हें न तो वन विभाग ही राहत दिया पा रहा है और न ही जिला प्रशासन। वन्य प्राणियों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने पर वन विभाग की ओर से मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है लेकिन यह मुआवजा इतना कम होता है कि ग्रामीणों को हुए नुकसान की तुलना में काफी कम और ऊंट के मुंह में जीरा के समान होता है।

# गांव की बेटी साबरा ने जिले का नाम किया रोशन

**पेंड्रा।** जिले की शिक्षिका साबरा निशा को उनकी उत्कृष्ट शैक्षिक सेवाओं और नवाचार पूर्ण कार्यों के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।





राज्यपाल से पुरस्कार लेतीं शिक्षिका।

रायपुर में स्थित राजभवन के दरबार हाल में आयोजित समारोह में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा सचिव की उपस्थिति में उन्हें यह सम्मान दिया गया। प्राथमिक शाला भैना मुड़ा की प्रधान शिक्षिका साबरा निशा आदिवासी क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट एवं प्रगतिशील कार्यों के लिए जानी जाती है। प्रधान पाठक साबरा निशा का कहना है कि यह उपलब्धि पूरे 19 वर्ष की मेहनत का परिणाम है। और यह उपलब्धि अकेली मेरे नहीं बल्कि हमारे प्राथमिक शाला भैनामुड़ा की है। इसमें शाला परिवार का हर सदस्य बधाई का हकदार है। खास तौर पर मेरे सहयोगी आशीष शर्मा जिस तरह से उन्होंने योजना बनाकर क्रमिक रूप से विद्यालय का विकास किया। हम सब ने अपनी शाला को बेहतर से बेहतर बनाने का हर संभव प्रयास किया। उन सभी प्रयासों से यह उपलब्धि हमारे विद्यालय के हिस्से में आई है। और इस सम्मान के लिए विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का मुझे अवसर मिला।

---

### मुंगेली जिला कार्यकारिणी का किया गया पुनर्गठन

# आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा जिला व ब्लाक संगठन का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष राकेश तिवारी ने संगठन की मुंगेली जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया है।





राकेश तिवारी ने नवीन कार्यकारिणी का गठन करते हुए जिला संगठन में ब्रह्मदत्त त्रिपाठी ज़िलाध्यक्ष, सविता पाठक ज़िलाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ), मनीष कुमार उपाध्याय जिला संयोजक सौरभ तिवारी जिला सह संयोजक, अभिषेक तिवारी, मदनगोपाल तिवारी श्रीकांत पाठक योगेन्द्र शर्मा, दीपक तिवारी जिला उपाध्यक्ष, सोमेन्द्र पौराणिक दुर्गेश तिवारी भावेश शर्मा जिला सचिव, कुंजबिहारी तिवारी ,जिला सह सचिव ,प्रशांत शर्मा ,मनीष शर्मा जिला मीडिया प्रभारी ,ओमप्रकाश दीक्षित जिला कोषाध्यक्ष ,जितेंद्र पाठक जिला मीडिया संयोजक, सुलभ त्रिपाठी ,नूतन दुबे ,धनंजय दुबे जिला संगठन सचिव ,हरीश उपाध्याय जिला सचिव ,सुमित तिवारी नीरज तिवारी जिला सह सचिव नरेश दुबे निलेश दुबे ,मोहन उपाध्याय जिला प्रवक्ता, अभिषेक पाठक, राजा पाठक जिला महासचिव, शैलेश कुमार पांडेय जिला कार्यकारिणी सदस्य सुनील शर्मा जिला कार्यकारिणी सदस्य ,मयाराम दीक्षित जिला कार्यकारिणी सदस्य, देवेन्द्र पांडेय जिला कार्यकारिणी सदस्य ,राकेश उपाध्याय जिला कार्यकारिणी सदस्य ,अमित शर्मा जिला कार्यकारिणी सदस्य ,आशुतोष मिश्रा ,जिला कार्यकारिणी सदस्य, खुलेश्वर उपाध्याय जिला कार्यकारिणी सदस्य पंकज शर्मा जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया है।

### मुंगेली ब्लॉक संगठन

उपेश कुमार दीक्षित ब्लॉक अध्यक्ष ,वासुदेव उपाध्याय ब्लॉक उपाध्यक्ष, संजय तिवारी ब्लॉक उपाध्यक्ष, खोमेश उपाध्याय ब्लॉक कोषाध्यक्ष, नारायण प्रसाद उपाध्याय ब्लॉक महासचिव ,मुकेश कुमार उपाध्याय ब्लॉक सचिव, चंद्रकांत शर्मा ब्लॉक सह सचिव, मनोज कुमार मिश्रा ब्लॉक मीडिया प्रभारी ,दिनेश कुमार पाठक ब्लॉक प्रवक्ता देवेंद्र उपाध्याय ब्लॉक सह कोषाध्यक्ष ,शुभम उपाध्याय ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य ,राघवेंद्र उपाध्याय ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य विमलेश उपाध्याय ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य, महेन्द्र शर्मा महापात्र ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य, दिलेश्वर दुबे ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं।

### लोरमी ब्लॉक संगठन

अखिलेश मुकुल तिवारी ब्लाक अध्यक्ष, कौशल दुबे ब्लाक उपाध्यक्ष उपेश तिवारी ब्लॉक उपाध्यक्ष, राजा त्रिपाठी ब्लाक उपाध्यक्ष ,मुरारी पाठक ब्लाक महासचिव ,मयंक द्विवेदी ब्लाक महासचिव, अभिषेक तिवारी ब्लाक सचिव ,आशीष शुक्ला ब्लाक संगठन सचिव ,गौरव पांडेय ब्लाक कोषाध्यक्ष ,जय पाठक ब्लाक प्रवक्ता प्रबल शुक्ला ब्लाक संगठन सचिव, विद्यारतन शर्मा ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य, राहुल शर्मा ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य, खगेन्द्र नाथ द्विवेदी ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य, रेवती शुक्ला ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य, अभिषेक तिवारी ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य ,राघवेंद्र तिवारी ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य ,शुभम दुबे ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य अविनाश तिवारी, नितेश तिवारी ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य, मनोज पांडेय ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं।

# पाक्सो एक्ट के आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास एवं अर्थदंड

**मुंगेली।** न्यायालय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी ने पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत आरोपी अजय जांगड़े पिता रामकुमार जांगड़े को धारा 137 (2), 87 भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 6 के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित किया।

न्यायालयीन सूत्रों के मुताबिक न्यायालय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी मुंगेली पीठासीन अधिकारी राकेश कुमार सोम द्वारा 4 सितम्बर को थाना लालपुर अंतर्गत पीड़िता को न्याय दृष्टांत के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा तैयार गाईड-लाईन एवं छ.ग. राज्य के द्वारा पीड़ित की प्रतिकर के संबंध में किए गए आदेश के अनुपालन में पीड़िता को 5 लाख रूपए की क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की अनुशंसा निर्णय में किया गया है। प्रकरण में अभियोजन द्वारा अपने पक्ष के समर्थन में आठ गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया गया। अभियोजन की ओर से प्रस्तुत दस्तावेज एवं गवाहों के बयान से पीड़िता की उम्र घटना के समय नाबालिग सिद्ध पाया गया। नाबालिग जानते हुए अभियुक्त द्वारा शादी का प्रलोभन देकर पीड़िता के साथ बलात्संग करना प्रमाणित पाया गया। न्यायालय ने अपने निर्णय में यह अभिनिर्णित किया है कि अभियुक्त का उपरोक्त कृत्य पीड़िता के प्रति ही न होकर संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाला गंभीर अपराध होकर अत्यंत गंभीर प्रकृति का अपराध दर्शित है। वर्तमान में इस प्रकृति के अपराधों में तीव्रता से वृद्धि हुआ है, समय-समय पर इस संबंध में दांडिक विधियों में किए गए कई संशोधन भी यही दर्शित करते है। शासन की ओर से प्रकरण की पैरवी मोतीलाल साहू विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो द्वारा की गई।

# फिजियोथैरेपी दे रोग से आराम, स्वस्थ एवं सुन्दर शरीर करे काम

## विश्व फिजियोथैरेपी दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

### "फिजियोथैरेपी से दर्द को दूर करें, जीवन में फिर से गतिशीलता प्राप्त करें हर उम्र में बने रहिए मजबूत, स्वस्थ और सक्रिय"

**फिजियोथैरेपी** एक विशेष उपचार है, जो व्यायाम, स्ट्रेचिंग, और अन्य शारीरिक तकनीकों का उपयोग करके दर्द कम करती है, गतिशीलता बढ़ाती है, और चोटों के बाद शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में मदद करती है. यह जीवन की गुणवत्ता में सुधार करती है, शारीरिक विकलांगता की रोकथाम करती है, और बुजुर्गों के लिए संतुलन व स्थिरता बनाए रखने में सहायक होती है।

फिजियोथेरेपी सर्जरी के बाद दर्द से राहत दिलाने या सर्जरी को पूरी तरह से टालने में भी मदद कर सकती है। यह मधुमेह, संतुलन और स्थिरता को नियंत्रित करते हुए हृदय संबंधी कार्य और फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाने की क्षमता के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण चिकित्सा भी है। यहाँ तक कि खेल से जुड़ी चोटों और गर्भावस्था संबंधी समस्याओं से ग्रस्त लोग भी फिजियोथेरेपी का लाभ उठा सकते हैं।

**दर्द से राहत:** यह जोड़ों, मांसपेशियों और हड्डियों के दर्द को प्रभावी ढंग से कम करती है, जिससे मरीज़ों को आराम मिलता है।

**गतिशीलता और लचीलापन में वृद्धि:** यह चोट या बीमारी के कारण कम हुई जोड़ों की गति और मांसपेशियों के लचीलेपन को बढ़ाती है, जिससे व्यक्ति सुरक्षित और आत्मविश्वास से चल-फिर पाता है।

**पुनर्वास (Rehabilitation):** सर्जरी, चोटों या स्ट्रोक जैसी स्थितियों के बाद शरीर को उसके सामान्य कार्यों में वापस लाने में मदद करती है।

**शारीरिक कार्य में सुधार:** यह कमजोर मांसपेशियों को मजबूत करती है, खराब पोस्चर को ठीक करती है, और समग्र शारीरिक कार्यप्रणाली को बेहतर बनाती है।

**चोटों से बचाव और पुनर्वास:** यह चोट लगने से बचाव करती है, शारीरिक विकलांगता को रोकती है और सर्जरी या चोट के बाद तेज़ी से ठीक होने में मदद करती है।

**जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि:** बेहतर शारीरिक कार्यक्षमता और गतिशीलता के माध्यम से यह रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाती है।




























**खबर संक्षेप**

### कूलर के करंट से बच्ची की मौत

**बिलासपुर।** कूलर के करंट की चपेट में आने से एक बच्ची की मौत हो गई है।



पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिम्स चौकी से मिली जानकारी के अनुसार, रतनपुर मोहतराई निवासी अराध्या पाण्डेय पिता उमेश्वर पाण्डेय 10 साल 6 सितंबर की शाम घर के खेलते समय गिर गई। उसका हाथ कूलर में लगने से वह करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गई। घरवाले बच्ची को इलाज के लिए सिम्स लेकर आए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### ब्याय फ्रेंड ने गर्लफ्रेंड को पीटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** गाड़ी में जाने के लिए मना करने पर ब्यायफ्रेंड ने गर्लफेंड की जमकर पिटाई कर दी।



पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, बलौदाबाजार जिला की रहने वाली एक लड़की विवेकानंद नगर फेस 1 में रहकर इंजीयरिंग की पढ़ाई कर रही है। 6 सितंबर की शाम 6.30 बे मोपका से अपने सहेली के साथ घूमने के लिए मैग्नेटो मॉल गई थी। इसी दौरान उनका दोस्त चांपा बरपाली चौक निवासी अयान अली ने फोन कर मॉल के बाहर मिलने के लिए बुलाया। लड़की बाहर आई तो अयान उन्हें घूमने जाने के लिए गाड़ी में बैठने को बोला। उसने जाने से मना कर दिया। इस पर युवक ने गाली गलौज करते हुए लड़की के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावर युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### व्यापारी के घर से सोने के जेवरात पार

**बिलासपुर।** व्यापारी के घर से कीमती सोने के जेवरात की चोरी कर ली गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने उनके पुराने नाबालिग नौकर को हिरासत में ले लिया है। उसके मात्र दो सोने की अंगूठी बरामद की गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सिंधी कालोनी कारगिल चौक निवासी व्यापारी किशोर कुमार हासानी पिता गोविंद हासानी के घर से 5 सितंबर को 6 सोने की अंगूठी, एक सोने का हार, 1 लाकट चोरी हो गए। उन्होंने अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला तो उनके दुकान में काम करने वाला पुराना नौकर नाबालिग चोरी करते नजर आया। 6 सितंबर को श्री हासानी ने चोरी की रिपोर्ट पर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने फुटेज के आधार पर नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उससे मात्र दो सोने की अंगूठी बरामद हो पाई है। अन्य कीमती जेवर 4 सोने की अंगूठी, हार, लाकट बरामद नहीं हुआ है। नाबालिग अन्य जेवरात के संबंध में कुछ नहीं बता रहा है। नाबालिग श्री हासानी के दुकान में नौकरी छोड़ने के बाद वर्तमान में ई रिक्शा चला रहा है और आदतन नशेड़ी है।

**10 हजार में सिर्फ 881 परीक्षार्थी पहुंचे** | छग राज्य सहकारी बैंक व जिला सहकारी बैंक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोजित हुई परीक्षा

# 2023 में मंगाया आवेदन, 2025 में ली परीक्षा, 90 फीसदी परीक्षार्थी अनुपस्थित

**बिलासपुर।** व्यापमं ने दो साल पहले वर्ष 2023 में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक अपेक्स और जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के रिक्त 398 पदों पर भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन मंगाए गए, चुनावों के कारण यह परीक्षा नहीं हो सकी, दो साल बाद रविवार को यह परीक्षा आयोजित की गई, 33 केंद्रों में परीक्षा की तैयारी की गई, परन्तु अधिकांश परीक्षा केंद्र खाली रहे, क्योंकि दो साल बाद परीक्षा आयोजित होने के कारण 90 फीसदी परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

रविवार को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक अपेक्स और जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में भर्ती परीक्षा का आयोजन शहर के 33 केन्द्रों में किया गया। इस परीक्षा में अभ्यर्थियों की अनुपस्थति ही परीक्षा में चर्चा का विषय बना गया। 9 हजार 928



अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन दिया था, जिसमें महज 881 परीक्षार्थीयों ने यह परीक्षा दिलवाई। तकरीबन 9.15 प्रतिशत उपस्थिति ही रही, बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा नहीं दिला सके। परीक्षार्थियों ने बताया की 2023 में व्यापमं द्वारा 398 पदों में भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे, जिसके बाद विधानसभा चुनाव होने से परीक्षा टल गई थी। तकरीबन दो साल बाद अचानक 20 दिन पहले नोटिफीकेशन जारी कर परीक्षा ली गई, जिससे बड़ी संख्या में अभ्यर्थी इसमें शामिल नहीं हो सके। परीक्षार्थी अनमोल शर्मा ने बताया की विधानसभा चुनाव इसके बाद लोकसभा और स्थानीय निकाय चुनावों के चलते भर्ती प्रक्रिया पुरे डेढ़ साल टाल दी गई। इस दौरान विभाग ने भर्ती स्थगित करने का फैसला भी लिया था, मगर अंततः व्यापमं ने यह परीक्षा ले ली। लबा इंतजार करते बहुत से आवेदक इसे भुला बैठे, बहुतों को समय पर जानकारी नहीं हो सकी नतीजा बिलासपुर समेत केंद्र बनाये प्रदेश के दूसरे जिलों मे भी उपस्थिति बेहद निराशाजनक रही। इस परीक्षा में सामान्य ज्ञान, छत्तीसगढ,गणित,बैकिंग जैसे विषयों के प्रश्न पूछे गए,यह प्रश्नपत्र परीक्षार्थियों को मॉडरेट लगा,लेकिन गणित और बैकिंग के प्रश्नों ने थोड़ा परेशान जरूर किया।

#### इन पदों पर होनी है, भर्ती

परीक्षा के माध्यम से कार्यालय सहायक, सहायक प्रबंधक, सामान्य सहायक, समिति प्रबंधक जैसे पदों पर नियुक्ति की जानी है। रायगढ़, सारंगढ़, जशपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक अपेक्स और जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में पद भरे जाएंगे।

#### छग में सबसे अधिक राजस्व किससे आता जैसे प्रश्न पूछे

व्यापमं की इस परीक्षा में प्रश्नपत्र में छत्तीसगढ सरकार का सबसे अधिक कर किससे आता है, प्रदेश में राष्ट्रीय संस्थान,छग के पारंपरिक आभूषण,रिजर्व बैंक का गठन व सरंचना,भारत में स्थापित पहला सहकारी बैंक कौन सा है,छत्तीसगढ राज्य की कुल जनसंख्या कितनी है,जैसे तमाम प्रश्न पूछे गए।

#### कम कटऑफ से चयन होने की संभावन प्रबल

प्रोफेसर आशुतोष बनर्जी ने बताया की बैंक के तीन सौ पदों पर पर निकली भर्ती पर,अभ्यर्थियों ने बहुत कम संख्या में ही परीक्षा दिए हैं,जिन परीक्षार्थियों ने पेपर को अच्छे से हल किया होगा। उनका चयन होने की संभावना अधिक होगी,कम अभ्यर्थी से कटऑफ कम जाएगा और चयन होने की संभावना बढ़ेगी।

आईटीबीपी जवानों की पिस्टल, कारतूस चोरी होने का मामला

# 1000 लोगों की चेक की गई चप्पल, तब कहीं पकड़ में आया पिस्टल व कारतूस चोरी करने वाला आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेन से आईटीबीपी जवानों के पिस्टल व कारतूस भरा बैग पार होने के मामले में सीसीटीवी कैमरे में आरोपी का चेहरा स्पष्ट नहीं था, लेकिन उसकी चप्पल स्पष्ट दिखाई दे रही थी, इसलिए जीआरपी ने चोर का चेहरा देखना छोड़ चप्पल देखना शुरू कर दिया। बिलासपुर जीआरपी के जवानों ने रेलवे स्टेशन के आसपास लगभग एक हजार लोगों की चप्पल चेक की, अंत में इसी आधार पर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी से चोरी गई पिस्टल, कारतूस जब्त कर लिया गया है, परन्तु नकदी सिर्फ 700 रुपए मिली है।

- **बिलासपुर रेलवे स्टेशन में ट्रेन में पकड़ा गया**

जीआरपी के अनुसार आईटीबीपी के सहायक उपनिरीक्षक कटैया थाना बिहिया भोजपुर निवासी योगेन्द्र प्रसाद ओझा पिता देवकांत ओझा 4 सितम्बर को हटिया से दुर्ग के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन के जनरल कोच में अपने तीन साथियों के साथ सफर कर रहे थे। चारों की ड्यूटी डोंगरगढ़ में लगाई गई थी, जिसके लिए चारों को दुर्ग से डोंगरगढ़ तक सफर करना था। देर रात 3 बजे के बाद चारों की आंख लग गई। इस दौरान दो जवानों ने अपने बैग को बर्थ के बीच में रख दिया था, जिसमें 2 नग 9 एमएम आटो पिस्टल 24



आरोपियों से जब्त पिस्टल, मोबाइल व अन्य सामान।



जीआरपी की गिरफ्त में आरोपी।

कारतूस, 4 नग खाली मैगजीन, 10 हजार रुपए और मोबाइल सहित कपड़े व अन्य दस्तावेज रखे हुए थे। भाटापारा से ट्रेन रवाना होने के बाद जब चारों की आंख खुली तो उन्हें बैग नहीं दिखा। रायपुर स्टेशन से चारों वापस बिलासपुर स्टेशन पहुंचे और आरपीएफ-जीआरपी में इसकी सूचना दी। आईटीबीपी रांची 40वीं बटालियन के चारों जवान में हैड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह और एएसआई योगेन्द्र प्रसाद ओझा, आरक्षक बुद्धदेव मलिक व राजू साहू था। पिस्टल और कारतूस रखे बैग की चोरी की सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट बिलासपुर, टास्क टीम, सीआईबी बिलासपुर, जीआरपी की टीम चांपा से लेकर बिलासपुर और भाटापारा के बीच सतर्क हो गई और सभी जगह बैग की छानबीन करने लगी। सीसी टीवी फुटेज में आरोपी के दिखने के बाद भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने के बाद आईटीबीपी के एक जवान योगेन्द्र प्रसाद ओझा की शिकायत पर जीआरपी ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305 (सी) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर लिया। चार दिन बाद आरोपी ग्राम खम्हरिया भाटापारा ग्रामीण बलौदा बाजार निवासी रंजीत मरकाम पिता रामचरण मरकाम को चप्पल के आधार पर पकड़ा गया है।

#### चप्पल ही देखते रहे जवान

जीआरपी के मुताबिक पिस्टल और कारतूस व अन्य सामान चोरी की शिकायत मिलने के बाद सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया। इसमें एक व्यक्ति गेट नम्बर चार से बाहर निकलते हुए दिखाई दिया था, जिसके चेहरा स्पष्ट नहीं दिखाई दिया। वहीं सीसीटीवी फुटेज में उक्त व्यक्ति के पैर में चप्पल दिखाई दी। इसके आधार पर बिलासपुर रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्र में करीब 1000 लोगों के चप्पलों की चेकिंग की, इसी आधार पर आरोपी स्टेशन के बाहर पकड़ में आया।

#### आरोपी को पता था जवानों के हैं बैग

आरोपी रंजीत मरकाम ने बताया कि आईटीबीपी के जवान जिस ट्रेन में सफर कर रहे थे। उसी कोच में वह भी था। वह बैग को उठाने से पहले उसने बर्थ में सो रहे, वह बैग उठाकर चला गया। जीआरपी ने आरोपी के निवास भाटापारा में जाकर दबिश दी, जहां पिस्टल, कारतूस, मोबाइल मिले। वहीं 10 हजार रुपए में से केवल 700 रुपए ही जीआरपी के हाथ में आया है।



युवक से मारपीट करते आरोपी।

# गणेश विसर्जनः कई जगहों पर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गणेश विसर्जन के दौरान कई जगहों में युवकों के बीच मारपीट हुई है और धारदार हथियार से हमला किया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, झोपड़ापारा निवासी आकाश यादव पिता परमेश्वर यादव 5 सितंबर की रात 9.30 बजे मोहल्लेवालों के साथ गणेश विसर्जन करने के लिए शारदा मंदिर तालाब गए थे। सभी गाना बजाते नाच रहे थे। इसी दौरान अविनाश सिंह नाचते हुए धक्का मुक्की करने लगा। उन्होंने मना किया तो अविनाश ने गाली गलौज करते हुए उन्हें और उनके दोस्त प्रवीण को धका देकर गिरा दिया और धारदार हथियार से प्रिंस तिवारी पर हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में चोट आई है। दूसरी घटना में तोरवा क्षेत्र के देवरीखुर्द गदा चौक निवासी रवि नायक पिता स्व. राजेश नायक 5 सितंबर को शाम 6 बजे मोहल्ले के गणेश विसर्जन के लिए धुमाल के साथ नाचते जा रहे थे। रात 9.10 बजे बुटापारा रोड सतीश मिश्रा के दुकान के पास पहुंचे थे। धुमाल वाले को यहीं बजाने को कहे तो धुमाल के मालिक विशालदास महंत बोला यहां नहीं बजाउंगा और गाली देने लगा। मना करने पर उसने मारपीट कर ठोस वस्तु से हमला कर दिया। उनके दोस्त देवेन्द्र वस्त्रकार बीच बचाव करने आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई है।

- **चला धारदार हथियार**

तीसरी घटना में सरकण्डा क्षेत्र के खमतराई निवासी संजू यादव पिता संतोष कुमार यादव ने रिपोर्ट लिखाई 6 सितंबर को गणेश विसर्जन के बाद मोहल्ले में पड़ोसी विवेक ध्रुव एवं कुछ लोग शाम 6.30 बजे आपस में लड़ रहे थे। उन्होंने विवाद करने से मना किया तो विवेक ध्रुव, दिपेश यादव, बलीराम अपने साथियों के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, लाठी से जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने सभी मामलों में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# गीतांजलि में पकड़ा गया हत्या का आरोपी

**बिलासपुर।** जोन आरपीएफ की टीम ने पुलिस की सूचना मिलने के बाद गीतांजलि एक्सप्रेस में फरार हो रहे हत्या के आरोपी को पकड़कर लोकल पुलिस के सुपुर्द किया है।

जीआरपी के अनुसार रविवार की सुबह 7.13 बजे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रेल श्रीमती श्वेता सिन्हा से आरपीएफ को सूचना मिली कि हत्या का एक आरोपी ट्रेन नम्बर 12860 हावड़ा-मुम्बई गीतांजलि एक्सप्रेस में रायपुर से भागकर पश्चिम दिशा की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट, टास्क टीम और अपराध गुप्तचर शाखा की टीम ने गीतांजलि एक्सप्रेस के स्टेशन पहुंचने के बाद उसकी जांच की। इस दौरान आरपीएफ को जानकारी मिली कि आरोपी स्टेशन पर उतर गया है। आरोपी की फोटो के आधार पर सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया। फुटेज में आरोपी को ट्रेन नम्बर 07051 चेरापल्ली से रक्सौल एक्सप्रेस के सामने वाले एसएलआर कोच में सवार होते हुए देखा गया, जो दुर्ग की दिशा में जा रही थी। आरपीएफ ने तत्काल दूसरे स्टेशन के आरपीएफ पोस्ट प्रभारियों को सूचना दी। इस दौरान आरोपी को चेरापल्ली स्पेशल से पकड़ा गया। आरोपी रायपुर मंदिर हसौद निवासी करण पोर्ते उर्फ करन पिता कार्तिक पोर्ते 26 साल के खिलाफ धारा 302, 307 मामला दर्ज है। उसने बताया कि उसे 6 सितम्बर शनिवार को उपचार के लिए जेल से एम्स में लाया गया था, जहां से वह जेल प्रहरी को चकमा देकर फरार हो गया था। आरपीएफ ने आरोपी को पकड़कर संबंधित थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

# रेलवे सेन्ट्रल हास्पिटल के एक्स रे विभाग में ताला

**बिलासपुर।** सबसे अधिक लदान और सबसे अधिक राजस्व की कमाई करने वाले रेलवे के केन्द्रीय चिकित्सालय में मरीज अपना एक्सरे कराने पहुंचते हैं तो उन्हें एक्सरे रूम में ताला लगा हुआ मिलता है। वहीं कर्मचारी भी मौके से गायब रहते हैं। इसके परेशान होकर मरीज के परिजन ने डीआरएम और जीएम को ट्वीट कर हास्पिटल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करने मांग की है।

- **महिला कर्मी का नहीं हुआ इलाज, की गई शिकायत**

दपूमरे जोन का मुख्यालय बिलासपुर में है। यहां जोन मुख्यालय के साथ बिलासपुर डिवीजन का कार्यालय भी है। जोन होने के कारण बिलासपुर के रेलवे केन्द्रीय चिकित्सालय में उपचार कराने के लिए तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में कार्यरत 45



हजार से अधिक कर्मचारी व उनके परिजन सहित रिटायर्ड कर्मचारी भी आते हैं। रेलवे हास्पिटल की हालत शुरु से ही काफी खराब हो चुकी है। बिलासपुर जोन और डिवीजन पूरे रेलवे में सबसे अधिक माल लदान के साथ राजस्व अर्जित कर रेलवे बोर्ड को प्रदान करती है, लेकिन रेलवे बोर्ड की ओर से बिलासपुर के कर्मचारियों सहित रेलवे चिकित्सालय की स्थिति को सुधारने की तरफ किसी तरह की कोई पहल नहीं की जाती। इसके कारण परेशान दूर-दूर से आने वाले रेल कर्मचारियों के अलावा रिटायर्ड हुए कर्मचारियों को होना पड़ता है। इसी तरह की स्थिति रविवार की सुबह भी एक मरीज के साथ हुई। रायपुर निवासी लखवीर सिंह जेठा की सास रेलवे में हैं। उनका पिछले दिनों एक्सीडेंट होने की वजह से बिलासपुर रेलवे केन्द्रीय चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। कुछ दिन पहले डॉक्टरों ने उनकी सास का एक्सरे कराने कहा था। रविवार को लखवीर सिंह अपनी सास को लेकर केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय में एक्सरे कराने के लिए पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उन्हें एक्सरे विभाग में ताला लगा हुआ दिखा। वहीं कोई भी स्टाफ मौके पर मौजूद नही था। उन्होंने रिस्पेशन में जाकर इसकी पूछताछ की तो जानकारी मिली कि सब एक साथ नाश्ता करने के लिए गए हुए हैं।

# शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवक से मारपीट

**बिलासपुर।** रास्ता रोककर शराब के लिए पैसा नहीं देने से युवक के साथ मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, उसलापुर अल्का एवेन्यू निवासी हिमांशु कश्यप 6 सितंबर की रात 10.30 बजे कुदूदण्ड एसबीटी कालेज के पास से दो दोस्तों के साथ जा रहे थे। तुलजा भवानी कुदूदण्ड के पास अमन गुप्ता उन्हें रोककर ज्यादा उड़ रहा है कहते हुए गाली गलौज कर शराब पीने के लिए 1 हजार रुपए की मांग की। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर दिया। बचाव करने के बाद हिमांशु के उंगली व चेहरे में चोट आई है। पुलिस ने हमलावर युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### जबड़ापारा में कानफोड़ आवाज में गाना बजाया, डीजे जब्त

**बिलासपुर।** गणेश विसर्जन के दौरान कानफोड़ आवाज में गाना बजाने पर पुलिस ने वाहन सहित डीजे जब्त कर संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, 6 सितंबर की रात 10.30 बजे जबड़ापारा के लोगों ने शिकायत की। गणेश विसर्जन के दौरान कानफोड़ आवाज में डीजे बजाया जा रहा है। जिससे आने जाने वाले व आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है। पुलिस ने मौके पर जाकर वाहन सहित डीजे जब्त कर संचालक गोड़पारा निवासी विकास यादव पिता हरिशचंद्र यादव पर कार्रवाई की गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

केस अपडेट की हिस्ट्री, जांच और दवा वितरण को लेकर होगा निरीक्षण

# नाको की टीम 12 को सिम्स एआरटी सेंटर का करेगी निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स मेडिकल कालेज में जल्द ही नेशनल एड्स कंट्रोल आर्गनाइजेशन (नाको) की टीम निरीक्षण के लिए पहुंच सकती है। नाको द्वारा तय गाइड लाइन और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर टीम निरीक्षण करेगी। निरीक्षण में कितने सदस्य मौजूद रहेगें, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन जिले में जिस तरह से नशे का कारोबार फल फूल रहा है और सिम्स एआरटी सेंटर में लगातार मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है, उससे नाको की टीम का निरीक्षण जरूरी हो चुका है।

नेशनल एड्स कंट्रोल आर्गनाइजेशन की टीम 12 सितंबर को सिम्स पहुंच रही है, दिल्ली हेड क्वाटर्स से मिले आदेश के बाद सिम्स मेडिकल कालेज में चल रहे एआरटी सेंटर का निरीक्षण किया जाएगा। खास बात यह है कि मेडिकल कालेज के रेंज में मुंगेली, केन्द्रीय जेल



में सबसेंटर चलाया जा रहा है। हाल ही में अधिकारियों ने पेंड्रा रोड में भी सबसेंटर खोलने की अनुमति मांगी है। दरअसल सिम्स में पहुंचने वाले एड्स के मरीजों में करीब 40 फीसदी लोग गौरेला पेंड्रा मरवाही के अंतर्गत आते है, इसकी दूरी भी 130 किमी के आसपास है। यहां के मरीजों को एआरटी सेंटर आकर नियमित जांच करना और दवा लेना मुश्किल हो जाता है, जिसका सीधा असर मरीजों की तबीयत पर पड़ रहा है, ऐसे में टीम के निरीक्षण और गाइडलाइन का पालन करते हुए पेंड्रा रोड में भी एआरटी सेंटर खोला जा सकता है।

#### जानकारी की जा रही है साझा

बिलासपुर के बाद कोरबा में मेडिकल कालेज खोला गया है, कोरबा क्षेत्र से भी सिम्स आकर लोग एड्स और नशे का इलाज करा रहे हैं, हाल ही में सिम्स एआरटी सेंटर द्वारा केसों को अपडेट कर मरीजों की जानकारी कोरबा मेडिकल कालेज में ट्रांसफार किया जा रहा है। नाको की टीम यहां मौजूद एआरटी सेंटर में जांच और दवा से संबंधित लेखा जोखा की जांच कर सकती है। इसके साथ ही नेशनल पोर्टल में दर्ज मरीज और सेंटर में मौजूद मरीजों के ऑन लाइन डाटा मेंटनेंस, केस हिस्ट्री को लेकर भी टीम का निरीक्षण महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

#### हर साल होती है जांच

नाको की टीम हर साल जांच करती है, इसमें टीम के द्वारा अपनी गाइडलाइन के अनुसार एआरटी सेंटर के संचालन को लेकर आ रही समस्याओं का निदान करती है। वहीं कई नियमित कार्य की बारीकी से परीक्षण भी करती है।

-डॉ प्रभात श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी, एआरटी सेंटर

online Booking:-www.tripuryatra.com



तिरुपति बालाजी की VIP टिकट यात्रियों को स्वयं करनी होती है। कृपया यात्रा की तिथि से 3 माह पूर्व अवश्य करवा ले। सितम्बर माह में टिकटें जल्द ही खुलने की संभावना है।

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411